

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, सोमवार 8 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-280 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 9 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# बिलकिस बानो मामला: 11 दोषियों की सजा माफ करने का फैसला रद्द

**नई दिल्ली,8 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या में शामिल 11 दोषियों को छूट देने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुइयां की पीठ ने छूट को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को स्वीकार्य माना और कहा कि गुजरात सरकार के पास छूट का आदेश जारी करने का अधिकार नहीं है। गोधरा ट्रेन जलाने की घटना के बाद सांप्रदायिक दंगों की उथल-पुथल से बचने के दौरान बिलकिस बानो की उम्र 21 वर्ष थी और वह पांच महीने की गर्भवती थीं, के साथ बलात्कार किया गया था। दंगों में जान गंवाने वाले परिवार के सात सदस्यों में उनकी तीन साल की बेटी भी शामिल थी। सभी 11 दोषियों को गुजरात सरकार ने छूट दे दी थी और बाद में 15 अगस्त, 2022 को रिहा कर दिया गया था।

**» सुको ने गुजरात सरकार को लगाई फटकार**



### अदालत ने आज अपने फैसले में क्या कहा

1.) सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसके मई 2022 के एक अन्य पीठ के आदेश में गुजरात सरकार को 1992 की नीति के आधार पर छूट पर निर्णय लेने के लिए कहा गया था, जो तथ्यों को छिपाकर और अदालत के साथ धोखाधड़ी करके प्राप्त किया गया था।

2.) चूंकि जेल राज्य का विषय है, इसलिए राज्य सरकारों के पास दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 432 के तहत सजा माफकरने का अधिकार है। दोषियों की सजा माफकरने का कानून क्या है, इसके बारे में हमारा एक्सप्लेनर यहां पढ़ें।

3.) अदालत ने आश्चर्य जताया कि गुजरात सरकार ने 13 मई, 2022 के आदेश की समीक्षा के लिए कोई आवेदन क्यों नहीं दायर किया क्योंकि वह उपयुक्त सरकार नहीं थी।

4.) अदालत ने कहा कि यह एक क्लासिक मामला है जहां सुप्रीम कोर्ट के आदेश का इस्तेमाल छूट के आदेश पारित करने के लिए कानून के नियम का उल्लंघन करने के लिए किया गया है।

5.) सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गुजरात सरकार के पास बिलकिस मामले में छूट के आवेदन पर विचार करने या छूट के आदेश जारी करने का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं था क्योंकि वह ऐसा करने के लिए उपयुक्त सरकार नहीं थी।

6.) न्यायालय ने कहा कि छूट पर निर्णय लेने का अधिकार उस राज्य के पास है जिसमें अभियुक्तों को सजा सुनाई गई थी, न कि उस राज्य के पास जिसकी क्षेत्रीय सीमा में अपराध हुआ था या जहां अभियुक्तों को कैद किया गया था।

7.) शीर्ष अदालत ने बिलकिस बानो के बलात्कार और उसके परिवार की हत्या के मामले में बिना सोचे-समझे दोषियों की रिहाई के आदेश पारित करने के लिए गुजरात सरकार को भी फटकार लगाई।

8.) अदालत ने कहा कि गुजरात सरकार ने छूट के आदेश पारित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार में निहित शक्ति को छीन लिया। इसलिए इसने गुजरात सरकार द्वारा सत्ता हड़पने और दुरुपयोग के आधार पर छूट के आदेशों को रद्द कर दिया।

9.) अदालत ने अपनी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए दोषियों की प्रार्थना को भी खारिज कर दिया और उन्हें दो सप्ताह में जेल अधिकारियों को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया।

10.) सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले में दोषियों की जल्द रिहाई को चुनौती देने वाली जनहित याचिकाएं (पीआईएल) सुनवाई योग्य थीं क्योंकि बिलकिस ने भी अनुच्छेद 32 की याचिका दायर की थी और वह पर्याप्त थी।



**अंबिकापुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का मां महामाया एयरपोर्ट अंबिकापुर में सरगुजा अंचल में प्रथम आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय के साथ में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव और वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी रामप्रताप सिंह भी आये।

## 1 महीने में ही सरकार से परेशान हो गई जनता:बैज

**रायपुर,8 जनवरी**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है. छत्तीसगढ़ में बढ़ती अपराध की घटनाओं पर पीसीसी चीफ ने कहा कि बीजेपी सरकार आने के बाद कानून व्यवस्था चरमरा गई है. अपराध बढ़ रहे हैं. पखांजूर में हत्या हुई. रायपुर में हत्याएं हो रही है. छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है. कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है. बीजेपी के अपने नेता सुरक्षित नहीं हैं. बीजेपी पहले इसे टारगेट किलिंग कहती थी तो अभी कौनसा किलिंग है? कांग्रेस इस पर जरूर मंथन करेगी और उग्र आंदोलन भी करेगी. हसदेव के दौरे पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि पूरी टीम के साथ हसदेव अरण्य गए थे. ग्रामीणों से चर्चा की गई. बीजेपी ने वहां के आदिवासियों को बेदखल करने का काम किया है. केवल उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए यह हो रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा की जांच होनी चाहिए. हम सरकार से मांग करते हैं कि ग्राम सभा की जांच होनी चाहि. जब तक जांच नहीं होती अस्थायी रूप से पेड़ कटाई बंद होनी चाहिए. एक आदिवासी क्षेत्र, एक आदिवासी मुख्यमंत्री, कांग्रेस की लोकसभा की तैयारियों पर दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है. समितियों का भी गठन हुआ है. 11 जनवरी को हमारे नए प्रभारी आयेंगे. बैठक होगी और रणनीति तय करेंगे. बैठक के बाद तय होगा की चुनाव कौन लड़ेगा? बीजेपी के संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन पर दीपक बैज ने तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी अब भी संशय की स्थिति में है.



केवल एक महीने की सरकार से जनता परेशान है. बीजेपी को पता है इसलिए डरी हुई है. 2024 में बीजेपी की सरकार को जनता मुंह तोड़ जवाब देगी. लोकसभा चुनाव के लिए भगवान राम का राजनीतीकरण हो रहा है वाले सवाल पर दीपक बैज ने कहा कि बीजेपी राम के नाम से राजनीति कर रही है. उन्हें डर है कि आने वाले चुनाव में उनके पास कोई मुद्दा नहीं है. कानून व्यवस्था चरमराई है. केवल राम के नाम से वोट मांगना चाह रहे हैं. राम के नाम से एक राजनीतिक रोटी सेक रही है बीजेपी. रामविचार नेताम के सद्‌बुद्धि वाले बयान पर पलटवार करते हुए बैज ने कहा कि सद्बुद्धि तो 15 साल में आई नहीं अभी आ रही है. हमने 5 साल में भगवान राम के लिए बहुत काम किए. लेकिन वोट नहीं मांगे. बीजेपी राम के नाम से वोट मांग रही है. कब तक धोखा देते रहेगी बीजेपी ?

## स्वेच्छा से खाली कर दें मंदिर की भूमि पर बनी मस्जिदें : ईश्वरप्पा

**बेंगलुरु,8 जनवरी।** कर्नाटक के पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता केएस ईश्वरप्पा ने मुसलमानों से कथित तौर पर ध्वस्त मंदिर की भूमि पर बनी मस्जिदों को खाली करने के लिए कहने के बाद एक बार फिर विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने मस्जिदों को 'स्वेच्छा से' खाली नहीं करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की भी चेतावनी दी। बेलगावी में एक हिंदू कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ईश्वरप्पा ने कहा, मथुरा सहित दो और स्थान हैं। एक बार अदालत का फैसला आ जाए, चाहे आज हो या कल, हम मंदिरों के निर्माण के लिए आगे बढ़ेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए।



भाजपा नेता ने आगे कहा कि जिस भी क्षेत्र में आपने मस्जिदें बनाई हैं, यदि आप स्वेच्छा से खाली कर देते हैं तो यह आप लोगों के लिए अच्छा है, अन्यथा इसका परिणाम, कितने लोग मारे जायेंगे और क्या-क्या होगा, हम नहीं जानते। यह पहला मामला नहीं है जब बीजेपी नेता ने इस तरह की सांप्रदायिक टिप्पणी की हो। इससे पहले दिसंबर 2023 में, ईश्वरप्पा तब सुर्खियों में आए थे जब उन्होंने इसी तरह का रुख अपनाते हुए कहा था कि देश में मंदिर को नष्ट करने के बाद बनाई गई एक भी मस्जिद को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा था कि हमारे मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसी एक भी मस्जिद इस देश में नहीं टिकेगी। ये मेरी निजी राय है। भाजपा नेता ने गडग में पत्रकारों से बात करते हुए कहा था, ''मैं प्रतिज्ञा करूंगा और कहूंगा कि भारत एक हिंदू राष्ट्र बनेगा।'' उन्होंने साथ ही कहा था कि 22 जनवरी को पूरी दुनिया की नजर अयोध्या की ओर होगी. काशी विश्वनाथ मंदिर मामले पर अदालती कार्यवाही हिंदुओं के पक्ष में है। मथुरा में कृष्ण मंदिर के लिए सर्वे का आदेश दिया गया है।

## खड़े ट्रक में जा घुसे दो बाइक सवार, 2 की मौत



**बालोद,8 जनवरी**

दल्ली राजहरा-डौंडी मुख्य मार्ग खैरवाही के पास सड़क पर मौत बनकर एक ट्रक खड़ा रहा और पुलिस की नजरअंदाजगी की वजह से दर्दनाक हादसा हुआ है. रविवार शाम 1 घंटे के भीतर एक ही ट्रक से टकराकर दो अलग-अलग मोटरसाइकिल सवार 2 लोगों की दर्दनाक मौके पर ही मौत हो गई. वहीं 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है. पहली घटना ग्राम पिच्छेटोला से गुंडरदेही जा रहे रेलवे में पदस्थ महिला कर्मचारी पति-पत्नी की हैं. जिसमें एक ढाई वर्ष मासूम बालक भी सवार था. इस घटना में मोटरसाइकिल चला रहे गोविंद सिंग 30 वर्षीय की मौके पर ही मौत हो गया तो वहीं उनकी पत्नी राजकुमारी लगभग 26 वर्षीय बुरी तरह घायल हो गई है, जिन्हें तत्काल दल्ली राजहरा स्थित शहीद अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया. जहां उनका उपचार जारी है. गनीमत रही कि इस घटना में ढाई वर्षीय उनका मासूम बेटा सुरक्षित बच गया. वहीं दूसरी घटना कच्चे माइंस से दल्ली राजहरा की ओर जा रहे खल्लारी निवासी प्रदीप साहू और मोटरसाइकिल पीछे बैठे एक अन्य व्यक्ति की है. जिनकी मोटरसाइकिल सड़क पर खराब खड़ी आयरन ओर से भारी ट्रक से टकरा गई. हादसे में प्रदीप साहू 32 वर्षीय की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि मोटरसाइकिल के पीछे बैठा एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है. मामले में डौंडी थाना प्रभारी से घटना और सड़क दुर्घटना के पीड़ित के बारे में जानकारी लेने दो बार फोन से संपर्क किया गया. लेकिन उन्हें घटना के संबंध में कुछ खास जानकारी नहीं थी और जानकारी लेकर बतलाता हूं कहने बाद भी कोई जानकारी नहीं दिया. जिससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है की डौंडी पुलिस राहगीरों की जान को लेकर कितना गंभीर है? घटना के बाद अब सवाल यह भी खड़ा होता है की क्या सड़क पर खराब खड़ी ट्रक के आगे-पीछे कोई संकेत लगाया गया था अथवा नहीं कई बार देखने को मिलता है की कई ट्रक चालक बेदर्दी से सड़क पर वाहन खड़ी कर दिया करते हैं. जो राजगीरों के लिए मुसीबत का सबक बना रहता है. अब देखना होगा ऐसे ट्रक चालकों पर पुलिस क्या कदम उठती है.



**सुकमा.** चलते ट्रक में टायर फटने के बाद भीषण आग लग गई. जिसके बाद ड्राइवर और हेल्पर ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई. आग लगने का कारण टायर फटना बताया जा रहा है. सुकमा जिला के पकेला के पास NH 30 में ये घटना हुई है.



## पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पिता का निधन

**रायपुर,8 जनवरी।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंद कुमार बघेल का 8 जनवरी को सुबह निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे। नंद कुमार बघेल पिछले 3 महीने से राजधानी रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती थे। नंद कुमार बघेल की जानकारी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। पूर्व सीएम ने लिखा, दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि बाबूजी श्री नंद कुमार बघेल जी का आज सुबह निधन हो गया है। अभी पार्थिव शरीर को पाटन सदन में रखा गया है। मेरी छोटी बहन के विदेश से लौटने के बाद अंतिम संस्कार 10 जनवरी को हमारे गृह ग्राम कुरुदडीह में होगा। नंद कुमार बघेल पिछले 3 माह से राजधानी रायपुर के श्री बालाजी हॉस्पिटल में भर्ती थे। श्री बालाजी हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि नंद कुमार बघेल लंबे समय से अस्वस्थ थे, और कमजोर थे। उन्होंने आज आखिरी सांसें ली। जानकारी के मुताबिक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अभी नई दिल्ली में है।

**10 जनवरी को होगा अंतिम संस्कार**

**श्रद्धांजलि:** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन,विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ,मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निधन पर शोक व्यक्त करते हुए। कहा है कि हम सब उनके साथ है, ईश्वर शोक संतप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने का सामर्थ्य दें। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत,मंत्री बृजमोहन अग्रवाल,कांग्रेस प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने शोक व्यक्त किया है।

### ओएनजीसी ने कृष्णा गोदावरी बेसिन से 'पहला तेल' उत्पादन किया शुरू

**नई दिल्ली ,8 जनवरी ।** ओएनजीसी ने देश के पूर्वी तट के कृष्णा गोदावरी बेसिन में अपनी प्रमुख गहरे पानी की परियोजना से तेल उत्पादन शुरू कर दिया। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक्स को संबोधित किया और कहा कि यह जटिल और कठिन गहरे पानी केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक से शुरू हुआ पहला तेल उत्पादन है, जो बंगाल की खाड़ी तट पर स्थित है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि कृष्णा गोदावरी की सबसे गहरी सीमाओं से देश का ऊर्जा उत्पादन भी बढ़ना तय है। जैसे-जैसे भारत प्रधानमंत्री ञ्नरेंद्रमोदी जी के नेतृत्व में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है, हमारा ऊर्जा उत्पादन भी कृष्णगोदावरी की सबसे गहरी सीमाओं से बढ़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा-फर्स्ट ऑयल का उत्पादन कॉम्प्लेक्स से शुरू होता है और कठिन गहरे पानी वाला KG-DWN-98/2 ब्लॉक, बंगाल की खाड़ी के तट पर स्थित है।

## भाजपा की तैयारियों ने बढ़ाई कांग्रेस की टेंशन

**नई दिल्ली,8 जनवरी।** पीएम नरेंद्र मोदी दक्षिण भारत के दौरे पर हैं और अगले कुछ दिनों में गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक कई राज्यों में जाने वाले हैं। इसके अलावा अमित शाह और जेपी नड्डा भी लगातार दौरे कर रहे हैं। खबर है कि लोकसभा चुनाव 2024 के ऐलान से पहले पीएम मोदी ज्यादातर बड़े राज्यों के दो-दो दौरे करने वाले हैं। वहीं इंडिया अलायंस में अब तक किसी भी राज्य में सीटों के बंटवारे पर फैसला नहीं हो सका है। यही नहीं अब तो इस गठबंधन की सूत्रधार रही जेडीयू तक का सब्र जवाब देने लगा है और उसने कांग्रेस को देरी के लिए खूब सुनाया है।

जेडीयू के सीनियर नेता केसी त्यागी ने कहा कि कांग्रेस इस गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी है, लेकिन उसे अलायंस की चिंता ही नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें भाजपा की बढ़ी हुई तैयारी चिंतित करती है। केसी त्यागी ने कहा, जेडीयू इंडिया अलायंस का संस्थापक सदस्य है। भाजपा की बढ़ी हुई तैयारियां हमें चिंतित करती हैं। इंडिया अलायंस का संगठनात्मक ढांचा तय न होने, उम्मीदवारों पर फैसला न हो पाने और संयुक्त रैलियों पर भी कोई प्लान न बनने से हम चिंतित हैं। हम चाहते हैं कि इस पर जल्दी से सब कुछ हो जाए। केसी त्यागी ने कहा कि कांग्रेस जहां सबसे बड़ी पार्टी है, वहां सब सही है। उनका अधिकार है और वे ज्यादा सीटों पर लड़ें। लेकिन क्षेत्रीय दलों की ताकत वाले राज्यों में ज्यादा सीटें मांगना गलत और अव्यवहारिक है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए इंडिया संयोजक का पद हमारे लिए अब मायने नहीं रखता। नीतीश कुमार इस गठबंधन के निर्माता हैं। यह संयोजक के पद से बड़ा है। केसी त्यागी ने इस दौरान



कांग्रेस को नसीहत भी दी कि उन्हें बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग नहीं करनी चाहिए। ऐसे बयान भाजपा के हाथों में खेलने जैसे हैं। यही नहीं कांग्रेस की ओर से सीट बंटवारे को लेकर कमेटी बनाने पर भी केसी त्यागी ने तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने तरीके से संगठन को मजबूत बनाने के लिए स्वतंत्र है। लेकिन उन्हें कांग्रेस की चिंता है और हमें इंडिया अलायंस की चिंता है।

## संक्षेप

### शेख हसीना बनेंगी पांचवीं बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री

**ढाका,8 जनवरी।** बांग्लादेश में हिंसक वारदातों व मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के बहिष्कार के बीच रविवार को मतदान हुआ। मतगणना के दौरान बांग्लादेश चुनाव आयोग ने देर रात प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के दो तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की पुष्टि की। इसी के साथ शेख हसीना का पांचवी बार प्रधानमंत्री बनना तय हो गया है। आम चुनाव के लिए करीब 40 प्रतिशत मतदान हुआ। शेख हसीना लगातार चौथी बार प्रधानमंत्री का पद संभालेंगी। वह 1996 से 2001 तक भी पीएम रह चुकी हैं।

### राजद एमएलए के विवादित बयान के समर्थन में उतरे शिक्षा मंत्री

**पटना ,8 जनवरी ।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर को लेकर सियासत थमने का नाम नहीं ले रहा। राजद के विधायक फतेह बहादुर सिंह के मंदिर को लेकर कही गई विवादित बातों वाले पोस्टर को अब बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने समर्थन किया है। रोहतास के डेहरी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि फतेह बहादुर ने सावित्री बाई फुले की बात दोहराई थी न कि अपनी कोई बात बोली थी। उन्होने कहा था कि मंदिर का रास्ता मानसिक गुलामी का रास्ता होता है और स्कूल का रास्ता प्रकाश का रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा कि अब एकलव्य को अंगूठा दान नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि साजिशकर्ता याद रखें बहुजन समाज का इतना पसीना बहेगा कि समंदर बन जाएगा। इधर, जदयू शिक्षा मंत्री के इस समर्थन से तिलमिलाई नजर आ रही है। जदयू के प्रवक्ता और पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने कहा कि स्कूल का रास्ता प्रकाश का रास्ता दिखाता है, लेकिन ज्ञान होना जरूरी है। ज्ञान नहीं होगा तो न कुरान पढ़ पाएंगे न धार्मिक अन्य ग्रंथ।

### केंद्रीय मंत्री को ले जा रही नाव ओडिशा की चिल्का झील में 2 घंटे तक फंसी रही

**भुवनेश्वर ,8 जनवरी ।** केंद्रीय पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन राज्यमंत्री परषोत्तम रूपाला अन्य लोगों के साथ रविवार को ओडिशा की चिल्का झील के बीच में नाव पर दो घंटे से अधिक समय तक फंसे रहे।

बताया जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री के साथ भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा भी नाव पर सवार थे।

दो नावें कथित तौर पर खोरधा जिले के बालूगांव के बारकुला में ओडिशा पर्यटन विकास निगम (ओटीडीसी) के गेस्ट हाउस से केंद्रीय मंत्री, पात्रा और कई अन्य लोगों को लेकर पुरी जिले के ब्रह्मगिरि ब्लॉक के अराखाकुडा में आयोजित एक सागर परिक्रमा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सातपाड़ा की ओर जा रही थीं। मंत्री के एस्कॉर्ट ड्यूटी में लगे एक पुलिस अधिकारी ने कहा, इस बीच, उनकी नाव सामान्य मार्ग से भटक गई और चिल्का झील के बीच में फंस गई। नाव पर सवार रूपाला, पात्रा और अन्य लोग झील के बीच गहरे अंधेरे में फंसे रहे।

### मुसलमानों को सीएए से डरने की जरूरत नहीं : जमात प्रमुख

**बरेली ,8 जनवरी ।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के बरेली स्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने कहा है कि भारत में मुसलमानों के पास सीएए से डरने का कोई कारण नहीं है। यह सरकारी एजेंसियों द्वारा घोषणा किए जाने के कुछ दिनों बाद आया है कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 के नियमों को लोकसभा चुनाव से पहले अधिसूचित किया जाएगा। मुफ्ती ने कहा, अधिनियम में प्रावधानों के विस्तृत विश्लेषण के बाद, हमने पाया कि कानून का भारतीय मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं है और यह उन्हें प्रभावित नहीं करेगा, बल्कि अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश के उन अप्रवासियों को लाभ पहुंचाएगा, जो भारतीय नागरिकता चाहते हैं।

## एक नजर

### किशोर ने घर में की खुदकुशी

**भिलाई, 8 जनवरी।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र एक किशोरी ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है पुलिस ने बताया कि राजीव नगर खुर्सीपार निवासी पलक गौतम 17 वर्ष अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इस दौरान घर के लोग सभी अपने अपने काम पर निकले थे सिर्फ उसकी भाभी घर पर थी घटना के समय उसकी भाभी कपड़ा सुखाने गई हुई थी लौटकर आने पर उसकी ननद पलक कमरे को भीतर से बंद कर फांसी पर लटकी हुई थी। उसे दरवाजा तोड़कर तुरंत शास्त्री अस्पताल सुपेला उपचार लेकर गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दी। पलक के पिता फेरी का काम करते है। पलक ने फांसी लगाने के पहले अपने मोबाइल को स्वीच ऑफ कर दिया था उसके पहले पलक किसी ने फोन पर बात कर रही थी पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसायल नोट तक नहीं मिल पाया है पुलिस ने मोबाइल फोन को जप्त किया है पुलिस जांच में अहम सुराग हाथ लगने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है खुर्सीपार टीआई उमेद टंडन ने बताया कि किशोरी ने फांसी लगाई है जांच किया जा रहा है जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है ।

### अश्लील फोटो अपलोड की,जुर्म दर्ज

**भिलाई ।** जामुल थाना क्षेत्र अज्ञात आरोपी ने 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा की अश्लील फोटो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दी। जब उस फोटो को छात्रा की मां ने देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। मां ने बेटी से पूछा तो उसने पूरी सच्चाई बताई। इसके बाद मामले की शिकायत जामुल थाना में दर्ज कराई गई है पुलिस ने बताया कि 11वीं में पढ़ने वाली छात्रा की किसी ने इंस्टाग्राम से फोटो निकाली। इसके बाद उसे एडिट कर न्यूड फोटो बनाई और उसे इंस्टाग्राम पर अपलोड करके वायरल कर दिया। इधर जब घरवालों ने बेटी की ऐसी तस्वीर देखी, तो घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने बेटी को बुलाया, तो उसने कुछ भी जानकारी होने से मना किया। काफी दबाव और प्यार से पूछने के बाद भी बेटी ने जब कुछ नहीं बताया तो घर वालों को फोटो पर शक हुआ। छात्रा की मां ने जब उस फोटो को गौर से देखा तो पता चला कि जिस न्यूड बॉडी को छात्रा के चेहरे के साथ लगाया गया है, वो उसका है ही नहीं। इसके बाद परिजन जामुल थाने पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई फिलहाल जामुल पुलिस ने अज्ञात आरोपी खिलाफ धारा 509( ख ), 67( बी ) के तहत मामला दर्ज किया है पुलिस मामले की जांच कर रही है पता लगाया जा रहा है कि वो फोटो किस आईपी एड्रेस से अपलोड की गई है पुलिस का कहना है कि वो जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लेगी।

### सिंधु भवन सेक्टर-4 में सामाजिक मिलन समारोह 14 को



**भिलाई, 8 जनवरी।** सिंधी ब्रादर मंडल सेक्टर-4 के अध्यक्ष जय कुमार अम्बवानी की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की संपन्न हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 जनवरी रविवार को सिंधी समाज का पारिवारिक मिलन समारोह सिंधु भवन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सभी उम्र वर्ग (बच्चे, पुरुष, महिलाएं व वरिष्ठजन ) के लिए खेलकूद के आयोजन, सुमधुर गीत संगीत की प्रस्तुति, पसंदीदा हाऊजी कार्यक्रम के आकर्षक होंगे । समाज के उपस्थित सदस्यों के लिए सुबह का नाश्ता, दोपहर भोज व शाम को चाय की प्याली की व्यवस्था सिंधी ब्रादर मंडल की तरफ से की जाएगी । खेलकूद, गीत संगीत व हाऊजी के प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार भी दिए जायेंगे । कार्यक्रम के प्रभारी मनोहर मलकानी व संयोजक नरेश माखीजानी ने सदस्यों को निमंत्रण पत्र प्रेषित कर आग्रह किया है कि सभी सदस्य समय पर पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनावे । बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम के अध्यक्ष संजय होतवानी, खेलकूद प्रभारी श्रीमती मंजू हेमराजनी, मीना नागदेव व कीर्ति आर्य, गीत संगीत प्रभारी श्रीमती निशा अंबवानी व भावना मलकानी, खान पान प्रभारी राजकुमार खटवानी, जी आर भाटिया, ठाकुर साधवानी, संतोष मेहरचंदानी, पुरस्कार प्रभारी हरीश आर्य, सुरेश नागदेव, निधी अंबवानी, पूजा वासवानी, सम्पूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था प्रभारी राकेश नागदेव व उद्धव दास दावड़ा प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

### बदमाश चेन लूटकर फरार

**भिलाई, 8 जनवरी।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र महिला के साथ बिना नम्बर की बाइक में पहुचे नकाबपोश ने चेन स्नेविंग को अंजाम दिया है सूचना पर पुलिस ने शहर में नाकेबंदी कर दी, लेकिन बदमाश फरार हो गए शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि मिलपारा रिसाली निवासी धनवंती वर्मा पति धनुष वर्मा के साथ एक्टिवा में घर लौट रही थी तभी वीआईपी नगर रिसाली के पास बिना नंबर की काले रंग की बाइक में तीन नकाबपोश बदमाश ने कट मारते हुए एक्टिवा सवार को गिरा दिया और मौका देखकर धनवंती के गले में सोने की चेन को खींच कर फरार हो गए।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**भिलाई ।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है पुलिस ने बताया कि संजय नगर सुपेला निवासी कोमल साहू (29 वर्ष ) को पंथी चौक के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। इस हादसे में कोमल ने दम तोड़ दिया ।

# सभी योजनाओं का लाभ समयबध्द तरीके से सभी लाभार्थियों तक पहुंचाया जाएगा: हर्षा चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 8 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे। इसी तारतम्य में पाटन विकासखण्ड के ग्राम रूही एवं सावनी में हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा पहुंची।

रथ के पहुंचने पर पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा पूजा अर्चना कर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमनी चन्द्राकर, भाजपा उत्तर पाटन मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर, अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिला पंचायत सदस्य हर्षा चंद्राकर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा केंद्र की मोदी सरकार आपके द्वार में आकर आपको योजनाओं की जानकारी मिल रहा है कि नही उसकी जानकारी ले रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले महिलाओं के मान सम्मान में शौचालय निर्माण करवाया। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किसान की समृद्धि, बालिका शिक्षा सहित कई जनकल्याकारी योजनाओं का लाभ लोगो को मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में बताया कि अब प्रदेश में भी डबल इंजन की भाजपा सरकार बैठ चुकी है इस बार हर कच्चा मकान एक दिन पक्का मकान बनेगा आप सब धैर्य रखें प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। जैविक खेती पर जोर दिया ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ रहे। पुलिस विभाग एव आबकारी विभाग से मंच के माध्यम से कहा कि पिछले पांच सालों में गाँव गाँव मे अवैध शराब बिक रही थी अब किसी भी गाँव मे अवैध शराब की बिक्री ना हो इसकी निगरानी करने की जवाबदारी आपकी है।उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमनी चंद्राकर ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने शपथ दिलाया। गर्भवती बहनों को मच्छरदानी के साथ विभिन्न उपयोग का किट प्रदान किया गया लगभग 46 बहनों को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर का वितरण भी किया गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी में हितग्राहियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए योजनाओं से हुए लाभ के बारे में आमजनों के साथ साझा किया। इस अवसर पर जैविक खेती,किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान कार्ड,जनधन योजना,जीवन ज्योति योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विभागीय कर्मचारियों द्वारा जानकारी दिया गया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से रुपेंद्र राजू साहू, लवकुश चंद्राकर, सरपंच रमाकांत यदु, विष्णु रिंगरी, भीषम सिंगौर, राजकुमार ठाकुर, सुरेंद्र सिंगौर, अजय चंद्राकर, मनोज सिंगौर, अवध सिंगौर छगन सिंगौर रवि जांगड़े अर्जुन नेताम देवमणि सिंगौर सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## अयोध्या से भेजे गए अक्षत और निमंत्रण को घर-घर पहुंचाया रामभक्तों ने,की दीप जलाने की अपील भी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 8 जनवरी।** बाइस जनवरी को लेकर अयोध्या धाम में तैयारी पूरे जोर से चल रहा है अयोध्या धाम को पूरा सजाया जा रहा है अयोध्या की आकृति ऐसा लग रहा है जैसे त्रेता युग में युग पुरुष भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र लंका पर विजय प्राप्त कर अयोध्या धाम आ रहा है 500 वर्ष कि संघर्ष के बाद जब प्रभु अपने धाम आ रहें हैं तो देश में फिर दीपावली की तरह लोगों में खुशी दिखाई दे रहा है एक और पूरे देश में बाइस जनवरी को लेकर हिंदू समाज के लोगों के द्वारा उत्साह मनाने को लेकर विभिन्न स्थानों में तैयारी कर रहा है। उसी प्रकार आज ग्राम पंचायत पोंडी में भगवान श्री राम का धाम अयोध्या धाम से पहुंचे अक्षत और निमंत्रण को राम भक्तो के द्वारा घर घर जाकर पहुंचाया गया और अयोध्या धाम जाने का निमंत्रण दिया गया और साथ ही लोगों से बाइस जनवरी को भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी जब पांच सौ वर्ष बाद अपने मन्दिर गर्भ गृह में प्रवेश करेगा तो उस दिन सभी माताओं बहनों को अपने घर में श्री राम दीपक जलाकर खुशियां मनाने की अपील किया इस दौरान दिलीप श्रीवास्तव, अशोक निषाद, अमन पाली, महेश निषाद, राजेंद्र तिवारी, राजेंद्र गोस्वामी, रवि गोस्वामी, जग्गा पाली साहित राम सेवा में लगे भक्त उपस्थिति थे।




### ग्राम सुरपा में मनाया गया मजदूर दिवस, योजनाओं की दी जानकारी

**पाटन।** महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत ग्राम सुरपा में कार्य प्रारंभ है और 7 जनवरी को मनरेगा मजदूरों द्वारा मजदूर दिवस मनाया गया। ग्राम सुरपा में मनरेगा कार्य बांध से बड़े तालाब के ऊपर से शीतला मंदिर पहुंच मार्ग 156 मजदूर और मेन रोड से चारागाह तक पहुंच मार्ग 120 मजदूर कार्यरत है। रोजगार सहायक चंद्रशेखर ठाकूर ने बताया कि खेत में भूमि सुधार एवं खेत में तालाब निर्माण कराना, घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के बारे में जानकारी दिया गया एवं आवेदन प्रस्तुत करने की जानकारी दी गई है इस अवसर पर संतोष देवांगन मेट हीरालाल साहू दिनेश ठाकुर जामवंत ठाकुर गजेराम साहू देवानंद देवांगन समुंद साहू किरण निर्मलकर प्रमोद साहू दौलत धर्मगुड़ी नागेश्वर यादव एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नर्सरी में मिली लाश मनीष शर्मा की



**भिलाई ,8 जनवरी।** जी केबिन चरोदा से लगे पीपी यार्ड रेलवे कॉलोनी के नर्सरी में रविवार को मिली लाश की पहचान हो गई है। मृतक मनीष शर्मा पिता राजीव शर्मा ( 22 वर्ष ) चरोदा बस स्टैंड के पास शर्मा होटल का निवासी था। मृतक के शरीर पर मिले तेजधार हथियार से प्रहार के निशान के आधार पर युवक की हत्या मानकर जीआरपी भिलाई मामले की विवेचना कर रही है। इस बीच मृतक युवक के ईर्द-गिर्द रहने वाले कुछ युवकों पर शक की सुई टिकी हुई है। वहीं आरोपियों को पकड़ने जीआरपी ने पांच सदस्यीय टीम गठित किया है जुआरियों व नशेड़ियों का अड्डा बने चुके भिलाई तीन के नजदीक जी केबिन से लगे पीपी यार्ड कॉलोनी स्थिति बीएसपी की नर्सरी में रविवार को एक युवक की लाश मिली। लाश गटर में पाई गई। युवक का गला व बाएं हाथ की कलाई को धारदार औजार से काटे जाने के निशान पाए गए। उसके दाहिने हाथ में अंग्रेजी में मनीष नाम का टेटू गुदा हुआ है। उसके सीने पर बाएं तरफ भगवान शिव का टैटू बना हुआ है। यह जानकारी सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद चरोदा में शर्मा होटल का संचालन करने वाले परिवार ने जीआरपी थाना भिलाई में संपर्क किया। परिजनों ने सुपेला शास्त्री अस्पताल स्थित मरच्यूरी में जाकर मृतक की पहचान मनीष शर्मा के रूप की परिजनों के मुताबिक मनीष शर्मा शनिवार को दोपहर घर से निकला था रात भर वह घर नहीं आया और उसका मोबाइल फोन भी लगातार स्विच ऑफ बता रहा था। परिजनों को लगा कि मनीष कहीं चला गया है और बैटरी चार्ज नहीं होने से उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ हो गया है। रविवार शाम को जब पीपी यार्ड रेलवे कॉलोनी स्थित नर्सरी में युवक की लाश मिलने और उसके हाथ में टैटू से मनीष लिखे होने की जानकारी सोशल मीडिया में वायरल होने पर शर्मा परिवार के लोगों को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने जीआरपी थाना में संपर्क किया। आज दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया भिलाई - 3 जीआरपी टीआई राजकुमार बोर्झा ने बताया कि नर्सरी के गटर में एक लाश मिलने की जानकारी मिली। इसके बाद जीआरपी की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। उसके गले पर रेतने के निशान थे और बाएं हाथ की कलाई की नस भी कटी हुई थी। आशंका व्यक्त की जा रही है कि चाकू या कटर से काटकर उसकी हत्या की गई है। गटर की टंकी के नीचे और टंकी के ऊपर खून के निशान मिले हैं। परिस्थिति को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक की हत्या करने के बाद उसकी लाश को गटर में फेंका गया होगा। इस हत्याकांड में एक से अधिक लोगों के शामिल होने की भी आशंका जताई जा रही है। फिलहाल आरोपियों को पकड़ने पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है।

## धीवर समाज की हर मांग पूरी की जाएगी: डिप्टी सीएम शर्मा



भिलाई, 8 जनवरी। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा हाई स्कूल ग्राउंड धमधा में धीवर समाज द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने न्याय को जीत दिलाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में मछुवा सहकारी समितियों को प्राथमिकता दी गई थी। सरकार समाज को पुनः प्राथमिकता देगी। समाज को आगे बढ़ाने मछुवा बोर्ड को बढ़ावा दी जाएगी। रायपुर में समाज के भवन के लिए राशि की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने समाज की हर आवश्यकताओं को क्रमशः पूरा करने का भरोसा दिलाया। मुख्य अतिथि शर्मा ने अपने करकमलों से समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। विधायक ईश्वर साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी का अभिवादन किया। उन्होंने विधायक पद तक पहुंचाने के लिए क्षेत्र की जनता का आभार माना। विधायक साहू ने लोगों को सभी समाज का आदर करने और क्षेत्र में सामाजिक सद्भावना बनाये रखने का आह्वान किया। छत्तीसगढ़ धीवर समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश धीवर ने अपने सम्बोधन में समाज के रीति-रिवाजों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के विभिन्न मांगों की ओर उप मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक लाभचंद बाफना और समाज के संरक्षक रामकिशन धीवर, राधेश्याम चन्द्रवंशी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर समाज के अन्य पदाधिकारी और धीवर समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ के पॉवर लिफ्टरों ने पदक जीतने का बनाया कीर्तिमान



भिलाई, 8 जनवरी। इंदौर में संपन्न फेडरेशन कप राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के चार खिलाड़ियों ने पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया जिसका विवरण इस प्रकार है- 66 केजी वर्ग में जे. भगवत राव ने 595 किलो लिफ्ट कर दो रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल तीन पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया, 105 किलो वर्ग में श्रीनु राव ने बेंच प्रेस में 195 किलो लिफ्ट कर एक स्वर्ण पदक प्राप्त किया है, 120 किलो वर्ग में मयंक सोनी ने 775 किलो लिफ्ट कर दो रजत और दो कांस्य सहित कुल चार पदक प्राप्त किए हैं, इसी प्रकार प्लस 120 किलो वर्ग मे आसिफ अली खान ने 750 किलो लिफ्ट कर तीन कांस्य पदक प्राप्त किया है । उल्लेखनीय है कि उक्त सभी खिलाड़ी भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम का प्रतिनिधित्व करते है। छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग टीम के प्रशिक्षक एवं निर्णायक के रूप में कृष्णा साहू, नस्कर टंडन एवं जयदीप साहू का महत्वपूर्ण सहयोग रहा है । उल्लेखनीय है उक्त प्रतियोगिता के आधार पर विजेता खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में किया जाएगा जो कि मई 2024 को हांगकांग में होने वाली एशियन पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भारत देश का प्रतिनिधित्व करेंगे । छत्तीसगढ़ टीम की इस उपलब्धि पर सांसद विजय बघेल तथा विधायक देवेंद्र यादव ने टीम के सभी सदस्यों को अपने निवास में सम्मानित किया एवं उन्हें बधाई देकर शुभकामनाएं दी । छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारी, भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारियों तथा छत्तीसगढ़ शासन खेल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी है ।

## संकुल स्तरीय खेल समापन समारोह में संतोष पटेल ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार वितरण किया




**कवर्धा, 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** संकुल स्तरीय खेल समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व जिला पंचायत कबीरधाम के अध्यक्ष एवं वर्तमान जिला भाजपा महामंत्री संतोष पटेल ने समापन अवसर पर झलमला में संकुल स्तरीय खेल कार्यक्रम में शामिल हुए । संकुल स्तरीय खेल में आए हुए प्रतिभावान बच्चे को पुरस्कृत किया एवं बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए जीवन में फिट रहने के लिए खेलों का विशेष महत्व बताया उन्होंने केंद्र सरकार प्रधानमंत्री मोदी जी की योजनाओं के बारे में भी लोगों को अवगत कराया संतोष पटेल के द्वारा छत्तीसगढ़ की वर्तमान नव निर्वाचित विष्णु देव साय सरकार द्वारा मोदी की गारंटी योजना के तहत 12वीं तक बच्चों को निःशुल्क पुस्तक प्राप्त होंगे इस संबंध में लोगों अवगत कराया।इस इस अवसर पर संकुल स्तरीय खेल कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष बोड़ला पश्चिम भुवनेश्वर पटेल जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रेंगाखार जंगल कपूरचंद ठाकरे , जनपद पंचायत कवर्धा की सभापति विजय पटेल ,अकल सिंह तिलगाम , एवं बड़ी संख्या में संकुल के शिक्षक एवं शिक्षिका प्रतिभावान बच्चे तथा आमजन कार्यक्रम उपस्थित थे ।

## जिला भाजपा मंत्री रोहित साहू को मिली अहम जवाबदारी

**उतई, 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राममंदिर



निर्माण के सुअवसर पर जिला स्तरीय स्वच्छता अभियान समितिप्रधानमंत्री मान. श्री नरेंद्र मोदी जी का ये आव्हान है कि अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले 14 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक प्रत्येक तीर्थ स्थलों, पूजा स्थलों एवं मंदिरों के आसपास परिसर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जाए ।उक्त आव्हान पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष मान. श्री जगत प्रकाश नड्डा जी एवं प्रदेश भाजपा नेतृत्व द्वारा जारी निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान हेतु दुर्ग जिला भाजपा प्रभारी मान. श्री राजीव अग्रवाल जी की सहमति से दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष मान. श्री जितेन्द्र वर्मा जी द्वारा निम्नानुसार तीन सदस्यीय समिति घोषित की जाती है । रोहित साहू (उतई) अनूप सोनी (तकियापारा,दुर्ग) अनुज साहू (अहिवारा)उक्त तीन सदस्यीय जिला समिति द्वारा श्री शंभू गुप्ता जी के संयोजकत्व में बनी प्रदेश स्तरीय समिति के मार्गदर्शन में कार्य किया जाएगा।

## स्कूल के पीचे जुआ खेलते 14 जुआडी चढ़े पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कवर्धा, 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के



पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा समस्त थाना/चौकी प्रभारियो को अपने-अपने थाना चौकी क्षेत्र में अपराधो पर अंकुश लगाने लगातार सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर तथा उप. पुलिस अधीक्षक संजय तिवारी के मार्गदर्शन में अपराधिक तत्वों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक एम.बी. पटेल द्वारा अपने क्षेत्र के असामाजिक तत्व पर लगाम लगाने लगातार सूचना एकत्र कर रहे थे। जिस पर दिनांक-06.01.2024 को मुखबीर से सूचना मिली की वार्ड नं0 08 शंकर नगर विनायक स्कूल के पीछे कवर्धा आम जगह में कुछ जुआडी 52 पत्ती तास से रूपये पैसो पर हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी के द्वारा पुलिस टीम रवाना कर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जिसमे (1)इलियास खान (2) विनोद साहू (3) मुकेश साहू(4) महेंद्र साहू,(5) धनंजय सिंह(6) रणजीत सिंह(7) राकेश कौशिक(8) सुनील कुमार (9) दशरथ साहू (10) रितेश डार्सेना (11) विक्रम साहू (12) पिंटू साहू (13) राधे साहू(14) शंकर साहू सभी साकीन कवर्धा का होना बताये। आरोपीगणो के जुआ फड से नगदी रकम 14,570/- रू एवं 52 पत्ती तास को जप्त किया गया। आरोपीगण के विरूद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही किया गया है। उक्त कार्यवाही में उप. निरीक्षक शांता लकड़ा के कुशल नेतृत्व में थाना टीम से प्रधान आरक्षक हीरेन्द्र प्रताप, आरक्षक अजय वैष्णव, लक्ष्मण सिंह, पवन राजपूत, लवनीत सिंह, कुलेश्वर सिन्हा, पेट्रोलिंग स्टाफ आरक्षक दिलहरण मरकाम, अनिल सेन, गणेश छेदावी, सुनील चंद्रवंशी का सराहनीय योगदान रहा।

## करबला कमेटी की पहल पर बसा एक घर



**भिलाई, 8 जनवरी।** मोहर्रम करबला कमेटी की पहल से 5 जनवरी शुक्रवार को एक जोड़े का घर बस गया। जुमे की नमाज के बाद दोपहर 2 बजे कमेटी की पहल पर इस जोड़े का निकाह हुआ। इस जोड़े में लड़का पक्ष घासीदास नगर भिलाई और लड़की पक्ष रायपुर से है। कमेटी ने निकाह के मौके पर घरेलु जरूरत का सामान बतौर तोहफा दिया। कमेटी ने इस निकाह में शामिल होने वालों का शुक्रिया अदा किया।

## सेल को मिला पटना मेट्रो प्रोजेक्ट का कांट्रेक्ट: बीएसपी करेगा आर-260 ग्रेड रेल की आपूर्ति

**भिलाई, 8 जनवरी।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को पटना मेट्रो परियोजना के लिए रेल की आपूर्ति हेतु दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) से एक कांट्रेक्ट मिला है। इस कांट्रेक्ट के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 1200 टन आर-260 ग्रेड रेल की आपूर्ति की जाएगी। इस कांट्रेक्ट के दायरे में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 13 मीटर लंबाई में 1200 टन आर-260 रेल की आपूर्ति करना शामिल है। संयंत्र के रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल में उत्पादित इन रेल्स का उपयोग पटना मेट्रो परियोजना के अंतर्गत बनने वाले नए आईएसबीटी डिपो के भीतर ट्रैक स्थापना हेतु किया जाएगा। पटना मेट्रो, पटना शहर में एक निर्माणाधीन एमआरटीएस लाइन है, जिसे 5 चरणों में पूरा किया जाएगा।

इस परियोजना का स्वामित्व और संचालन का अधिकार पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अंतर्गत है। 30.91 किमी लंबी पटना मेट्रो परियोजना फेज-1 के लिए नए आईएसबीटी डिपो का निर्माण कार्य चल रहा है। इस सुविधा का उपयोग पटना मेट्रो की लाइन-1 (दानापुर छावनी-खेमनीचक) और लाइन-2 (पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन-न्यू आईएसबीटी) पर चलने वाली ट्रेनों के लिए मेंटेनेंस और स्टेबलिंग प्वाइंट के रूप में किया जाएगा।

## एक नजर

### विद्यार्थियों को स्काउट से मिल रही नैतिक शिक्षा: लखनलाल देवांगन

**रायपुर, 8 जनवरी।** वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कोरबा जिले के गीतांजलि भवन में आयोजित रिफ्रेशर कोर्स एवं सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट से विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा मिल रही है और उनका व्यक्तित्व निखर रहा है। स्काउट्स, गाइड्स और इससे जुड़े लोग मानव जाति की सेवा में जुटे हुए हैं। मंत्री श्री देवांगन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के लीडर्स और सर्विस रोवर्स, रेंजर्स तथा प्राचार्यगणों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूरे देश सहित छत्तीसगढ़ में विभिन्न आयोजन होंगे। इस दौरान स्काउट्स, गाइड्स द्वारा भी सेवा कार्य किया जाएगा। श्री लखनलाल देवांगन ने उपस्थित स्काउट गाइड के शिक्षकों से आव्हान किया कि वे स्वंय के साथ छात्रों, युवाओं और संस्था को और आगे बढ़ाने के लिए काम करें। वाणिज्य, उद्योग व श्रम मंत्री ने कहा कि जिला मुख्य आयुक्त द्वार जिला प्रशिक्षण केन्द्र के लिए भवन उपलब्ध कराने की मांग रखी गई है। जिले में कई भवन रिक्त हैं, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रशिक्षण केन्द के लिए भवन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। जिला मुख्य आयुक्त मोहम्मद शेख ने जिले की गतिविधियों की जानकारी से अतिथियों को अवगत कराया। स्वागत उद्बोधन जिला शिक्षा अधिकारी जीपी भारद्वाज द्वारा दिया गया। मंच पर पार्षद द्वय नरेन्द्र देवांगन, धनश्री, पूर्व पार्षद राधे यादव, उमा भारती शराफ, प्रफुल्ल तिवारी, एएसटीसी जितेन्द्र साहू, जिला मुख्यालय आयुक्त द्वय विवेक लांडे, संजय गुप्ता मंचासीन रहे। समारोह का संचालन जिला संयुक्त सचिव रेखारानी लाल ने किया तथा आभार जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) गनेशी सोनकर ने व्यक्त।

### सेमरा बी में मड़ई मेला 12 जनवरी को

**भखारा 8 जनवरी।** ग्राम सेमरा (भखारा)में विगत वर्षो की परंपरा का निर्वहन करते हुए गांव बनाने के बाद मड़ई मेला का आयोजन किया जाता है।इसी के तहत इस साल भी 12 जनवरी को मड़ई का आयोजन किया गया है।जिसके उपलक्ष्य में रात्रि कालीन कार्यक्रम में लोगो की मनोरंजन हेतु ग्राम कोपरा पांडुका का छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा नवा बिहनियां की प्रस्तुति होगी।उक्त जानकारी सरपंच बिनेश्वरी सिन्हा एवं ग्रामीण अध्यक्ष राजेश सिन्हा ने दी।

### प्रातः 9 बजे तक छाया रहा कोहरा,हवा ने बढ़ाई क्षेत्र में ठंड

**भखारा 8 जनवरी।** सर्दी बढ़ने के साथ मौसम की पहली धुंध व कोहरे ने रविवार को क्षेत्र को आगोश में ले लिया। सुबह सात बजे तक तो शून्य दृश्यता बनी हुई थी एवं आसमान से हल्की ओंस की बूंदें टपकती महसूस हो रही थी। इसके बाद कोहरे का असर धीरे-धीरे कम होने लग गया एवं सुबह 9 बजे तक कोहरा छंट पाया। सूरज निकलने के बाद सर्दी से थोड़ी राहत महसूस हुई। इस दौरान दिनभर लोग गर्म कपड़ों से लदे नजर आए।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धर्म नगरी राजिम में आत्मीय स्वागत

**रायपुर, 8 जनवरी ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज भक्त माता राजिम महोत्सव में शामिल होने धर्म नगरी राजिम पहुंचे। नगर वासियों ने राज्य के मुखिया का आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री बनने पश्चात उनके प्रथम राजिम आगमन पर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने पुष्प भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ उप-मुख्यमंत्री श्री अरुण साव भी राजिम पहुंचे। इस दौरान राजिम हेलीपैड में महासमुंद सांसद श्री चुन्नीलाल साहू, राजिम विधायक श्री रोहित साहू, पूर्व सांसद श्री चंदूलाल साहू, कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल, एसएसपी श्री अमित तुकाराम कांबले, डीएफओ गरियाबंद श्री मणिवासगन एस, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री साय का स्वागत किया।

### धर्म, संस्कृति और संस्कार सभी के जीवन का उद्देश्य होना चाहिए: टंकराम वर्मा



**रायपुर,8 जनवरी।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन समाज के विकास के लिए सभी को संगठित होना आवश्यकमंत्री श्री टंकराम वर्मा कुर्मी राज अधिवेशन में हुए शामिल धर्म, संस्कृति और संस्कार मेरे जीवन का उद्देश्य रहा है। समाज को आगे ले जाने के लिए समाज के सभी सदस्यों को संस्कारवान होना जरूरी है। सभी समाज के युवाओं को खेल और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए सभी प्रयास किये जाएंगे। समाज की शक्ति संगठन से होती है। समाज के विकास के लिए सभी को संगठित होना आवश्यक है। समाज के युवाओं को सभी क्षेत्रों में काम करना होगा, तभी समाज विकास की ओर आगे बढ़ेगा। उपरोक्त बातें खेलकूद एवं युवा कल्याण और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज तिल्दा विकासखंड के ग्राम ताराशिव में आयोजित छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज के 78वां वार्षिक राज अधिवेशन में कही। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ ही छत्तीसगढ़िया पंचांग का विमोचन किया गया। इसके साथ ही स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ के आठ प्राचार्यों को शाला में शैक्षणिक गतिविधियों और अन्य विकास कार्यों के लिए 40 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। मंत्री श्री वर्मा द्वारा समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्रीमती छाया वर्मा, पूर्व विधायक श्रीमती लक्ष्मी बघेल, पूर्व विधायक श्री जनक राम वर्मा, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा, केंद्रीय राज प्रधान श्री चोवाराम वर्मा, कुर्मी समाज के 10 राज के राजप्रधान सामाजिक जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में सामाजिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# खेल में हार-जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण है खेल भावना और खेलना:बृजमोहन अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 8 जनवरी ।** स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल आज स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित स्टेट हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए। मुख्य अतिथि की आसंदी से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कला एवं साहित्य की एक विशेष पहचान है। वहीं राजनांदगांव जिला हॉकी की नर्सरी है तथा यहां माँ बम्लेश्वरी का प्रसिद्ध मंदिर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने खेलो इंडिया के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं को फिर से खेलने के लिए प्रेरित किया है। बच्चे खेलेंगे तो स्वस्थ रहेंगे और अच्छा पढ़ेगें तथा देश की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि खेल का मैदान अनुशासन सिखाता है और खेलने वाले खिलाड़ी देश, प्रदेश, जिले एवं शहर के एम्बेसडर बन सकते हैं। इस प्रतियोगिता में देश भर की लगभग 30 टीमों ने यहां भाग लिया है। सभी अपने प्रदेश में जाकर छत्तीसगढ़ की विशेषताओं एवं यहां की यादें साथ लेकर जा रहे हैं। किसी भी प्रतियोगिता में हार-जीत खेल का एक हिस्सा है। जो खेलेगा वही हारेगा। उन्होंने कहा कि गिरते हैं शहसवार ही मैदान-ए-जंग में वो तिफ्ल क्या गिरे जो घुटनों के बल चले, इसलिए खेल में हार-जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण खेल भावना और खेलना जरूरी है। ऐसे प्रतिभागी जो रनर अप हैं, वे निराश न हो और आगे फिर कोशिश करें। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए, विश्व स्तर पर देश का नाम रौशन करें। उन्होंने सभी बच्चों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

सांसद श्री संतोष पाण्डे ने कहा कि देश भर से आए खिलाड़ियों के साथ शानदार प्रतियोगिता संपन्न हुई है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक तथा देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों ने एक साथ मिलकर रहना तथा कदम से कदम मिलाकर चलना सीखा। उन्होंने कहा कि खेल की भावना को केवल खेल के मैदान में ही नहीं, अपने जीवन में भी अपनाएं। जब हम कदम से कदम मिलाकर चलते हैं और एक साथ रहते हैं तो ताकत झलकती हैं। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि राजनांदगांव कला, साहित्य एवं संस्कृति की नगरी है।

# मेजबान छत्तीसगढ़ का 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में रहा दबदबा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 8 जनवरी।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़ की टीम ने बॉस्केटबॉल 14 वर्ष बालक वर्ग में दिल्ली को फायनल मुकाबले में और बॉस्केटबॉल 17 वर्ष बालिका वर्ग में भी मेजबान ने रोमांचक फायनल मैच में हरियाणा को पराजित करते हुए की चैंपियनशिप के साथ ही स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया है। बालक वर्ग में तीसरे स्थान पर सीबीएसईडब्ल्यूएसओ एवं चौथे स्थान पर राजस्थान एवं बालिका वर्ग में तीसरे स्थान पर सीबीएसईडब्ल्यूएसओ और चौथे स्थान पर महाराष्ट्र की टीम रही।

संस्कारधानी राजनांदगांव में 4 से 7 जनवरी 2024 तक आयोजित चार दिवसीय 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतिम दिन दिग्विजय स्टेडियम के बॉस्केटबाल कोर्ट में खेले गये 14 वर्ष बालक वर्ग के फायनल मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए एकतरफा मैच में दिल्ली को 30 के विरूद्ध 45 अंकों से पराजित करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। दिल्ली को रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। बालक वर्ग के ही तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेले गये मैच में सीबीएसईडब्ल्यूएसओ ने राजस्थान को 29-17 अंकों से हराकर कांस्य पदक जीता।

प्रतियोगिता के तहत 17 वर्ष बालिका बॉस्केटबॉल वर्ग के फायनल मैच में भी मेजबान छत्तीसगढ़ की बालिकाओं ने संघर्ष पूर्ण मुकाबले में हरियाणा को 38 के विरूद्ध 42 अंकों से हराकर विजेता के साथ ही स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। हरियाणा को रजत पदक मिला। तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेले गये मैच में सीबीएसईडब्ल्यूएसओ ने महाराष्ट्र को आसान मैच में 36-18 अंकों से हराकर कांस्य पदक प्राप्त किया। मेजबान छत्तीसगढ़ बालक व बालिका दोनों ही वर्गों में विजेता रही और चैंपियनशिप के खिताब पर कब्जा किया। विजेता, उपविजेता सहित सभी प्रतिभागी, कोच, मैनेजर एवं अन्य सहयोगियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में आन्ध्रप्रदेश, सीबीएसई, चण्डीगढ़, छत्तीसगढ़, सीआईएससीई, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, आईबीएसएसओ, आईपीएससी, जम्मू एण्ड कश्मीर, कर्नाटक, केन्द्रीय विद्यालय, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, नवोदय विद्यालय, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, विद्या भारती, पश्चिम बंगाल, बिहार, मणिपुर और ओड़िसा की टीमों ने हिस्सा लिया।

# महिला को अश्लील मैसेज भेज कर परेशान करने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 8 जनवरी।** 6 जनवरी को पीड़िता थाना छुरिया उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मोबाईल नंबर का धारक विक्की उर्फ वासुदेव साहू के द्वारा पीड़िता के व्हाट्सअप एवं इस्टाग्राम में अश्लील शब्द का प्रयोग करते हुए गलत-गलत मैसेज भेजकर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के संबंध में रिपोर्ट करने पर मामला महिला संबधी होने से त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी विक्की उर्फ वासुदेव साहू पिता बालसिंह साहू उम्र 29 वर्ष निवासी मिचगांव थाना खड़गांव जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के विरूद्ध थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 06/2023 धारा 509 (ख) भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग से मार्गदर्शन प्राप्त करं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आशीष कुंजाम के निर्देशन में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक शिव चन्द्रा के नेतृत्व में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु दिनांक 06.01.2024 को आरोपी के सकूनत में पुलिस टीम रवाना कर आरोपी का पकड़कर थाना छुरिया लाया गया। आरोपी से पुछताछ के दौरान जुर्म करना स्वीकार करने पर आरोपी को दिनांक 07.01.2024 को विधिवित गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक शिव चन्द्रा, सउनि मेघनाथ सिन्हा, प्र.आर. 799 संतोष नायक, आर. 1569 भुनवेष्वर वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# शिक्षक फेडरेशन ने विधायक अंबिका मरकाम को दी जीत की शुभकामानाएं

**नगरी 8 जनवरी।** सहायक शिक्षक.समग्र शिक्षक. फेडरेशन ब्लॉक शाखा नगरी के पदाधिकारियों ने सिहावा विधायक अंबिका मरकाम से सौजन्य मुलाकात कर जीत की अग्रिम बधाई दिए,

इस दौरान सहायक शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया, शिक्षकों ने मांग किया है कि पूर्व सेवा की गणना करते हुए प्रथम नियुक्ति तिथि से सहायक शिक्षकों की वेतन में विसंगति दूर कर,क्रमोन्नत वेतन प्रदान करते हुए,हमें 20 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने पर पुरानी पेंशन का दिया जाए, इस अवसर पर सभी साथियों ने अपनी अपनी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा किया। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों की समस्याओं को दूर करने का आग्रह किया। इस पर विधायक महोदया द्वारा हर संभव समस्याओं को दूर कराने हेतु आवश्यक सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन नगरी के अध्यक्ष एस.बी.मिर्जा,सचिव गजानंद सोन,कोषाध्यक्ष चैंपेश्वर साहू,अंकेक्षक अनिल साहू ,संतोष बांधव,महिला पदाधिकारी गण उपाध्यक्ष चंद्र कुमारी नवरंगे, कुमारी साहू, योगेश्वरी ध्रुव,दिनेश ताम्रकर सकुल समन्वयक,दिनेश कुमार निषाद, युरेश कुमार झारिया,आदि सहायक शिक्षक गण उपस्थित रहे।



# कुछ ही दिनों में पुलिस ने चोर को पकड़ कर सामान बरामद किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 8 जनवरी।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस है कि प्रार्थीया श्रीमती कौशल निर्मलकर पति स्व0 नारद निर्मलकर उम्र 41 वर्ष साकिन सोनेसरार द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि दिनांक 02.01.2024 को 08.00 बजे खाना खाकर घर में ताला लगाकर काम करने गांव में ही चली गयी थी। शाम करीब 05ः00 बजे जब काम से घर वापस आयी तो घर का पीछे का दरवाजा खुला था अंदर कमरे में घर का समान बिखरा हुआ था आलमारी को खोलने का प्रयास किया गया था। घर में रखे सन्दुक जिसका ताला टूटा हुआ था उसमें रखे हुए सोने चांदी के जेवरात कीमती 50,000/- रूपये को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है कि प्रार्थीया की रिपोर्ट पर थाना लालबाग में अपराध कमांक 05/2023 धारा 457,379 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विववेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में जिले के वरिष्ठ अधिकारीगणों को अवगत कराया गया एवं श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के दिशानिर्देश पर थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार माल मुल्जिम का पता तलाश किया गया कि आज दिनांक 07/01/24 को मुखबीर से सूचना मिला व एकत्र पुख्ता साक्ष्य एवं संदेह के आधार पर ग्राम देवादा निवासी दानीराम पिता मंशाराम निर्मलकर उम्र 32 साल साकिन देवादा थाना सोमनी जिला राजनांदगांव छ0ग0 का पता तलाश कर हिरासत में लेकर हिकमत-अमली से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया एवं चोरी गये सोने चांदी के जेवरात कीमती 50,000/- रूपये को पेश करने पर विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी दानी राम निर्मलकर द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर आज दिनांक 07.01.2024 को विधि गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, सहायक उप निरीक्षक राजू मेश्राम, प्रआर0 581 हामसिंग उर्वशा, आर0 88 राकेश ठावरे, आर0 583 राजेश श्रीवास्तव, आर0 1272 सुनील बैरागी, आर0 1142 रवि वर्मा, आर0 1415 भूपेन्द्र वर्मा, मआर0 910 अनुपमा चंद्रवंशी, मआर0 485 मीना साहू की भी सराहनीय भूमिका रही।

### एम्बुलेंस फंसी, वीडियो बनाने वालों पर बनाया आयोजकों ने दबाव, कोलाहल अधिनियम की खुलेआम उड़ रही धज्जियां

# मार्डन मड़ई में अव्यवस्था का आलम, दुगुने रेट पर बिक रहे सामान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 जनवरी।** जिले सहित शहरभर में लगातार छोटे- बड़े आयोजन किए जा रहे है. जिसके चलते शहर में नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है. जिला प्रशासन और पुलिस विभाग बगैर जांच पड़ताल के अनुमति दे रहे है. जिससे यातायात और आस पास के लोगों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है.

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव के कमला कालेज मैदान में हो रहे मार्डन मड़ई में भी ऐसा ही वाक्या देखने को मिली. जहां भिलाई से आए बाउसरों द्वारा गेट पर दुर्व्यवहार किया जा रहा है. जिसकी शिकायत भी संबंधित थाने में की गई है. जिससे बाद उन्हें देर रात थाना बुलाया गया और समझाईश देकर छोड़ा गया है. यहां पर यातायात की भी अव्यवस्था देखने को मिल रही है. मड़ई में आने वाले लोगों की 3 सौ से 4 सौ गाड़ियां सड़क पर खड़ी नजर आ रही है. जिससे आवश्यक सेवा जैसे एम्बुलेंश आदि फंस रही है. ऐसी भी जानकारी सामने आ रही है कि कल देर रात एक एम्बुलेंश के फंसने की शिकायत भी सामने आई थी. जिसका विडियों भी कुछ लोगों द्वारा बनाया गया. इसकी जानकारी लगते ही आयोजन समिति के लोगों ने विडियों बनाने वालों को कुछ पैसे देकर विडियों डिलीज कराया गया है.

#### कमला कालेज मैदान में आयोजन

कमला कालेज मैदान में हो रहे आयोजन पर बाजार से दुगुने रेट पर सामान बेचे जाने की भी शिकायत सामने आई है. बताया जा रहा है कि फास्ट फूड जैसे गुपचुप, कचौड़ी, भेल आदि जो बाजार में सामान्यः 10 से 15 रूपए में बिकते है, यहां 30 से 50 रूपए में बेचा जा रहा है. यही नहीं बाजार में बिकने वाले खिलौने भी दुगुने दाम पर बेचा जा रहा है. यहां आम लोगों की जेब में डाका डालने का काम बेधड़ जारी है.

#### कोलाहल अधिनियम के तहत नहीं की जा रही कार्रवाई

मार्डन मड़ई में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नियम विरूद्ध किया जा रहा है. जबकि पास में ही कई हास्पिटल एवं रहवासी क्षेत्र है. जहां लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. सूत्र बता रहे है कि रात लगभग साढ़े दस बजे के बाद भी डीजे का उपयोग किया जा रहा है. जिसकी शिकायत कंट्रोल रूम और एसडीएम से की गई थी. इसके बाद भी जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा कार्रवाई करने की बजाए आयोजन समिति को अभयदान दे दिया गया है. सूत्र बता रहे है कि कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत यदि किसी भी प्रकार की कोई शिकायत आती है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जानी है. इस कार्रवाई में यदि डीजे 10 बजे के बाद बजाया जाता है कि डीजे सिस्टम को जप्त कर नश्तेनाबूत करने की प्रक्रिया का प्रावधान है. लेकिन राजनांदगांव जिले में आज तक ऐसी कोई कार्रवाई विभाग द्वारा नहीं की गई है.

#### पार्किंग व्यवस्था नहीं और दे दी गई अनुमति

राजनांदगांव में पहले ही पार्किंग की समस्या का रोना है. चाहे वह शहर के बीच आजाद चौक, मानव मंदिर चौक, भारत माता चौक या अन्य कोई भी जगह हो, जहां रोज जाम की स्थिति निर्मित होती है. इसके बाद भी जिला प्रशासन द्वारा बगैर जांच पड़ताल किए और आयोजन समिति की मीठी- मीठी बातों में आकर नियम विरूद्ध अनुमति दे रहा है. जिससे भी आम लोगों के अलावा आवश्यक सेवाओं पर भी असर पड़ता दिख रहा है. जिसका साक्षात उदाहरण कमला कालेज मैदान में लगी मार्डन मड़ई है.

## समाचार संक्षेप

### डॉ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन संघर्ष से सीख लें: डॉ व्ही.के पाठक




**भखारा 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय गणित दिवस 2023 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं व व्याख्यानमाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता डॉ व्ही.के पाठक विभागाध्यक्ष गणित विभाग,बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी,डॉ गोविंद प्रसाद साहू, सहायक प्राध्यापक गणित विभाग,सेंटर आफ़ बेसिक साइंस,पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर की गई । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार साहू ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि वास्तव में गणित हमारे रग-रग में समाहित है उनके बग़ैर जी पाना संभव नहीं है चाहे व्यक्ति पढ़ा लिखा हो या अनपढ़। जिस तरह जीवन में पानी,हवा और भोजन की आवश्यकता होती है उसी तरह गणित भी मानव विकास के लिए अतिआवश्यक है। जीवन भर कितना खोया कितना पाया कितना पाना है,कितना जीया यह सब गणित का ही खेल है। हम जाने अनजाने ना जाने कितने गणितीय शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ व्ही के पाठक ने श्रीनिवास रामानुजन के संघर्षमय जीवन को रेखांकित करते हुए कि कहा कि आदमी यदि अपने लक्ष्य को निर्धारित कर अपने कर्म पर विश्वास करके आगे बढ़ते रहे तो निश्चित ही सफलता मिलेगी और उनका नाम भी स्मृति पटल पर अमिट हो जाएगा। जिस प्रकार डॉ श्रीनिवास रामानुजन ने अपने लक्ष्य को प्राप्त करने कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहे। चाहे आर्थिक परिस्थिति हो चाहे सामाजिक,राजनैतिक या पारिवारिक ,सारी परिस्थितियों को झेलते हुए अल्पायु जीवनकाल होते हुए भी गणित क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने में सफल रहे। भारतीय जनमानस में गणितीय क्षितिज के रूप में आच्छादित हैं। उनकी इसी देन के कारण उनके जन्मदिन को गणित दिवस के रूप में मनाया जाता है। राष्ट्रीय गणित दिवस पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को अतिथियों के करकमलों से प्रतीक एवं प्रमाण पत्र के माध्यम से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से एम.एस साहू, दिनेश कुमार साहू,ऐमेश्वरी ढीढी,सुनील कुमार साहू, अंजु कूर्रे,उषा साहू आदि सहायक प्राध्यापक, तोमेश्वर मौर्यवंशी कार्यालय सहायक एवं समस्त छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन टी के साहू सहायक प्राध्यापक हिंदी तथा आभार प्रकट सुश्री नेहा साहू ने किया।

### राष्ट्रीय गणित दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**भखारा 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में संस्था एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद,रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में भारत के महान् गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन के अवसर पर डॉ व्ही के पाठक,विभागाध्यक्ष गणित विभाग,बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी,डॉ गोविंद प्रसाद साहू,सहायक प्राध्यापक गणित,सेंटर आफ़ बेसिक साइंस,पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर,डॉ शैलेंद्र कुमार साहू प्राचार्य छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा,सुश्री हिमानी जोशी,सहायक प्राध्यापक रसायन के आतिथ्य में राष्ट्रीय गणित दिवस 2023 का आयोजन महाविद्यालय में विविध प्रतियोगिताएं एवं संभाषण कार्यक्रम के माध्यम से किया गया । रंगोली प्रतियोगिता में रेशमा साहू,बीएससी भाग तीन ने प्रथम,श्वेता शर्मा,बीएससी भाग एक ने द्वितीय तथा चांदनी यादव, बी ए भाग तीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में खिलेश देवांगन,बी ए भाग तीन ने प्रथम,लीकिता साहू,बी ए भाग दो ने द्वितीय तथा देवेन्द्र कुमार,बीएससी भाग तीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। माडल प्रतियोगिता में भूमिका साहू,बीएससी भाग तीन ने प्रथम तथा डागेश्वर साहू,बी एससी भाग एक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रत्याशियों को अतिथियों के करकमलों से प्रतीक एवं प्रमाण पत्र तथा अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन टी के साहू, सहायक प्राध्यापक हिंदी तथा आभार प्रदर्शन सुश्री नेहा साहू,सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से एम एस साहू,ऐमेश्वरी ढीढी,सुनील कुमार साहू, उषा साहू,अंजु कूर्रे,दिनेश कुमार साहू आदि सहायक प्राध्यापक,तोमेश्वर मौर्यवंशी,कार्यालय सहायक एवं महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।



### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कवि सम्मेलन का आनंद उठाया

**रायपुर, 8 जनवरी।** पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे सहित मंचस्थ सभी कवियों ने दर्शकों को बांधे रखा मंचस्थ सभी कवियों ने दर्शकों को बांधे रखामुख्यमंत्री श्री विष्णु देव सायमुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज संध्या राजधानी रायपुर स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित कवि सम्मेलन में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कवि सम्मेलन का रसपान करने उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, सांसद श्री सुनील सोनी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री धरमलाल कौशिक सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने दर्शक दीर्घा में बैठकर कवियों द्वारा प्रस्तुत कविताओं का भरपूर आनंद लिया। कवियों ने हास्य कविता प्रस्तुत कर दर्शकों को गुदगुदाया तो ओजपूर्ण कविता से दर्शकों में जोश भी भरा। मुमताज नसीम की सरस्वती वंदना की सुमधुर गूंज से कवि सम्मेलन की सुहावनी शुरुआत हुई। मशहूर कवि कुमार विश्वास ने हास्यबोध के भाव के साथ मंच का प्रभावशाली संचालन किया। पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे, कुशल कुशवाहा, अमित शर्मा ने अपनी कविताओं से ऐसा शमां बांधा की दर्शक पूरे समय कार्यक्रम का लुत्फ उठाते रहे।

# राजिम कुंभ की भव्यता पुनः लौटेगी, देशभर से आयेंगे साधु संत:मुख्यमंत्री

**रायपुर, 8 जनवरी ।** राजिम कुंभ की भव्यता पुनः लौटेगी, देशभर से आयेंगे साधु संतमाता राजिम के बताए संदेश मानव जीवन के लिए कल्याणकारीसाहू समाज छत्तीसगढ़ का एक प्रगतिशील समाज मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में हुए शामिल मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज धर्म नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में आयोजित भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ भगवान श्री राजीव लोचन एवं भक्त माता राजिम की पूजा अर्चना कर प्रदेश और समाज की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि साहू समाज एक प्रगतिशील समाज है, हम सबको भक्त माता राजिम एवं भक्त माता कर्मा के बताए संदेशों का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ की भव्यता पुनः लौटेगी। देश भर से साधु संत इसमें शामिल होने आयेंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों को भक्त माता राजिम जयंती की



बधाई दी और कहा कि भक्त माता राजिम ने साहू समाज को अपनी मेहनत और त्याग से संगठित किया। आज यह समाज शिक्षा, कृषि व व्यवसाय सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री का गजमाला पहनाकर नागरिक अभिनंदन किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटियों को पूरा करने का काम छत्तीसगढ़ सरकार ने शुरू कर दिया है। दो साल का बकाया धान बोनस की राशि हमने 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के 12 लाख से ज्यादा किसानों के खाते में 3700 करोड़ रुपए से ज्यादा राशि जारी कर दी है। हमने 13 दिसंबर को शपथ लेने बाद 14 दिसम्बर को पहली कैबिनेट बैठक में राज्य के 18 लाख से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है। हमने युवाओं से किया वादा पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग के मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया है। राज्य के किसानों को प्रति क्विंटल के मान से 3100 रुपए का भुगतान किया जाएगा। धान खरीदी में अभी किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान किया जा रहा है। किसानों को अंतर की राशि का भी शीघ्र भुगतान किया जाएगा। माताओं बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत हर साल 12 हजार रूपए देने का वादा भी पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर साहू समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने उपस्थित जनसमूह को भक्त माता राजिम जयंती एवं नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि साहू समाज एक संगठित समाज के रूप में जाना जाता है। आज हम सभी यहां राजिम माता की जयंती मनाने आये हैं। उन्होंने कहा कि सभी समाज में एक देवी-देवता आराध्य होते हैं, लेकिन साहू समाज का यह सौभाग्य है कि हमारी दो आराध्य देवी हैं। माता राजिम और माता कर्मा जिनके आशीर्वाद से हमारा समाज आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि साहू समाज ने सेवा कार्य में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। साहू समाज के लिए गौरव का विषय है कि राजिम भक्तिन माता हमारे समाज की आराध्य देवी हैं। उन्होंने कहा कि साहू समाज सबको दिशा देने का काम करता है और सभी समाजों को साथ लेकर चलता है। कार्यक्रम को सांसद श्री चुन्नीलाल साहू ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण के विधायक श्री मोतीलाल साहू, राजिम विधायक श्री रोहित साहू, पूर्व सांसद श्री चंदूलाल साहू, पूर्व गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री श्रीमती रमशीला साहू, साहू समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्री टहल राम साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य व नागरिकगण मौजूद थे।

## एक नजर

### महेश भाई व्यास स्मृति विज्ञान निबंध प्रतियोगिता के लिए निबंध आमंत्रित

**रायपुर 8 जनवरी।** नारायणी साहित्यिक संस्थान एवं चरामेति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष 2023 एवं हमारी वैज्ञानिक उपलब्धियां विषय पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। राजेन्द्र ओझा ने एक विज्ञप्ति में बताया कि निबंध हिन्दी में हस्तलिखित होना चाहिए , एक विद्यालय से अधिकतम दो प्रविष्टि स्वीकार की जाएगी तथा शब्द सीमा 800-1000 शब्द की है तथा अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 है। विस्तृत जानकारी मोबाइल नंबर 9575467733 या 8770391717 पर प्राप्त की जा सकती है।

### चेम्बर एवं कैट के संयुक्त तत्वाधान में आयोजि रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**रायपुर 8 जनवरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कैट सी.जी.चेप्टर के प्रदेश अध्यक्ष जीतेन्द्र दोशी, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर एवं कैट के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय व्यापारी उद्योग संघ रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता ÷चेम्बर प्रीमियर लीग÷ का भव्य उद्घाटन दिनांक 8 जनवरी 2024 को शाम 4.00 बजे सुभाष स्टेडियम, रायपुर में होगा जहां पर चेम्बर पदाधिकारी, एसोसियेशन के प्रमुख एवं परिवारजन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं उद्योगपति उपस्थित रहेंगे। क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रमुख प्रायोजक-अष्टविनायक रियल्टीज एवं सह-प्रायोजक-जी.के.ग्रुप, हीरा टीवीएस एवं सांई टीवीएस हैं। आज दिनांक 7 जनवरी 2024 को सुभाष स्टेडियम में सभी टीमों को आमंत्रित कर खेल के नियम एवं शर्तों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर समिति के सदस्य, युवा चेम्बर, युवा कैट, प्रायोजक एवं सह-प्रायोजक के प्रमुख उपस्थित रहे।

### आदिवासी छात्रों के बीच पंहुचे तहसीलदार गुप्ता

**दुर्ग 8 जनवरी।** 24 कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी एवं एसडीएम दीपक निकुंज निर्देश में दुर्ग अतिरिक्त तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता आज रात में दुर्ग शहर में स्थित प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास आकस्मिक निरीक्षण में पंहुचें। रात में निरीक्षण के दौरान छात्रावास भवन की साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का मुवायना किया। तहसीलदार ने एक एक कर लगभग सभी छात्रों से बात कर उनका हालचाल जाना।बच्चों से मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की भी जानकारी ली।

# भजन मंडली ने सुंदरकांड की सुंदर व्याख्या की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 8 जनवरी।** शिक्षक कालोनी वार्ड 15 वंदेमातरम मार्ग में आज एक दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। राम कथा के कथावाचक रामदयाल साहू थें। उन्होंने भजन मंडली के साथ सुंदरकांड की सुंदर व्याख्या करते हुए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मानस मंच के माध्यम से मानस पथिक श्री साहू ने रामचरित का वर्णन करते हुए कहा कि हमारे जीवन में नाम का बहुत महत्व हैं। नाम के साथ चरित्र और चरित्र के साथ नाम सदा साथ जुड़ा हुआ रहता है। हमें बुजर्गो का सदा ही सम्मान करना चाहिए। बुजुर्ग सदैव अपने अनुभव पहुँचाने वाले होते हैं।बुजुर्ग दूरदृष्टि होते हैं। दूर की बातें देख और सोच पाते हैं। वे हमारे मार्ग को सुगम बनाते हैं जिससे हम अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकें। पर आज हमारे समाज मे बुजुर्गों का सम्मान धीरे धीरे घटता जा रहा है,यह बहुत चिंतनीय विषय है। उन्होंने आगे कहा कि संत जीवन मे परिवर्तन लाने का काम करते हैं। सत्संग से दुखों को पार पाने की क्षमता बनती है। इसलिए सत्संग जीवन मे आवश्यक है।



कार्यक्रम के संयोजक ऋषि कुमार आमदे कहा कि यह अद्भुत संयोग हैं। 22 जनवरी को आयोध्या में श्री राम लला जी का प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है इसके पूर्व हमारे कॉलोनी में राम नाम का रसपान करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इससे बड़ी बात और नहीं हो सकती। हम आज से ही उत्सव की शुरुआत कर रहे हैं। कार्यक्रम में आर के आमदे,रामायण लाल साहू,नूतन लाल चंद्राकर,सी.आर साहू,एन आर साहू,डी पी देवांगन, देवेन्द्र दादर,बी आर साहू, वेदनाथ चंद्राकर,श्रवण साहू,थानेन्द्र साहू,महेन्द्र मानिकपुरी,नरेन्द्र साहू, नेमीचंद बैस,सी पी सेन,दीपांशु सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण महिलाएं एवं वरीष्ठजन शामिल हुए।

## समाचार संक्षेप

### गृह सम्पर्क अभियान 16 से

**सुकमा 8 जनवरी।** आप सभी को ज्ञात हो कि भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा का पूजा अनुष्ठान दिनांक 16/01/2023 से प्रारंभ होगा । यह 22/01/2024 को प्राण-प्रतिष्ठा होने तक अनवरत चलेगा । पूरे भारत के श्रीराम भक्तों को इस कार्यक्रम में सहभागी बनाने हेतु श्रीअयोध्या धाम से आए आमंत्रण पत्र,पूजितमंगलअक्षत तथा मंदिर का फोटो को घर घर प्रत्येक रामभक्त परिवार तक पहुंचाया जायेगा, ताकि भगवान के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का वह साक्षी एवं सहभागी बने । इसी कड़ी में आज गांधीनगर, देवी चौंक एवं पटनमपारा तथा पुराना बाजार पारा में संयुक्त रूप से श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा गृह सम्पर्क अभियान का त्योहार मनाया जाएगा । इन सभी मोहल्ले से संबंधित श्रद्धालुभक्त जनों से निवेदन है कि आज आपके घर में भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा के पूजन अनुष्ठान हेतु श्रीअयोध्याधाम से आए पूजा सामग्री एवं आमंत्रणपत्र आयेगा । इसके स्वागत हेतु अपने गृहद्वार को गोबर से लीपकर सुन्दर रंगोली बनाएं एवं मुख्य द्वार पर आम पत्ते का तोरण लगाएं साथ ही पूजा हेतु सुन्दर आरती का थाली सजाएं जिसमें फूल, कुमकुम और धूप दीप हो । आपके घर रामदूत के रूप में आए हुए कार्यकर्ताओं का टीका लगा कर स्वागत कीजिए और पूजित अक्षत भगवान का फोटो एवं आमंत्रण पत्र को सादर श्रद्धापूर्वक स्वीकार कीजिए। अपने सौभाग्य और भगवान राम की कृपा का अनुभूति कीजिए और दिए गए सामग्रियों को अपने पूजा स्थान में रख दीजिए एवं आप भी इस अभियान के सहभागी बनिए । इन दोनों मोहल्ले में भगवान का इस पुणितकार्य हेतु सभी श्रद्धालुभक्तजनों एवं जनप्रतिनिधि से निवेदन है कि आज शाम 4ः00 बजे गांधीनगर चौंक में स्थित शिव मंदिर में एकत्रित होकर भगवान शिव की पूजा कर कार्य प्रारम्भ करें । ऐसे ही देवी चौंक वाले भक्तजन देवी चौंक मंदिर में एकत्रित होकर भगवान की पूजा कर अभियान प्रारम्भ करने की कृपा करें । ध्यान दीजिए- गृह सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत सभी घरों के मुखिया का नाम एवं मोबाइल नं अवश्य नोट करना है।

### इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख सचिव ने ली समीक्षा बैठक




**रायपुर, 8 जनवरी।** राजधानी रायपुर के सिविल लाइन्स स्थित चिप्स कार्यालय, कांफ्रेंस हाल में इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक ने विभाग की समीक्षा बैठक लेते हुए चिप्स को योजनाओं के क्रियान्वयन में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिये । इस अवसर पर चिप्स द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं का प्रस्तुतीकरण देते हुए चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रितेश कुमार अग्रवाल ने योजनाओं के संचालन में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया, जिसपर श्रीमती निहारिका बारिक ने विभागवार चर्चा कर समाधान प्राप्त करने का सुझाव दिया । श्रीमती निहारिका बारिक ने टीम बनाकर अन्य राज्य जैसे मध्यप्रदेश, गुजरात आदि की कल्याणकारी योजनाओं का अध्ययन कर राज्य के परिपेक्ष में रूपरेखा बनाने का सुझाव भी दिया । उल्लेखनीय है कि चिप्स द्वारा अनेक जनकल्याणकारी परियोजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिनमें भारतनेट फेस-द्धद्ध, ई-डिस्ट्रिक्ट, स्वान, स्टेट डाटा सेंटर, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल आदि प्रमुख हैं । समीक्षा बैठक में चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रितेश कुमार अग्रवाल के साथ-साथ वित्त नियंत्रक श्री बिनोद कुमार लाल, चिप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अमिताभ शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अजितेश पाण्डेय, संयुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार पटेरिया, श्रीमती अश्रि मिश्रा तथा चिप्स के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### मुख्यमंत्री ने वर्ष-2024 के शासकीय कैलेण्डर का किया विमोचन

**रायपुर, 8 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज यहां राज्य अतिथि गृह (पहुना) में वर्ष 2024 के शासकीय कैलेण्डर का विमोचन किया। सुशासन का सूर्योदय थीम पर आधारित इस कैलेण्डर के मुख्य पृष्ठ पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की फोटो है। जनवरी माह में प्रभु श्री राम के



चित्र के साथ भारत के सांस्कृतिक गौरव की पुनः प्रतिष्ठा के संकल्पना लिए अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर को दर्शाया गया है। फरवरी माह में राजिम के त्रिवेणी संगम पर भगवान श्री राजीव लोचन का धाम, मार्च माह में महतारी वंदन योजना, अप्रैल माह में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 18 लाख पात्र परिवारों को अपना घर दिलाने का संकल्प दर्शाया गया है। शासकीय कैलेण्डर 2024 के विमोचन के इस खास मौके पर उपमुख्यमंत्री द्वय श्री अरूण साव, श्री विजय शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री पी. दयानंद और आयुक्त जनसंपर्क श्री मयंक श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कलैण्डर के मई माह में श्रमिकों को सशक्त बनाती मोदी की गारंटी, जून माह में आदिवासियों का हरा सोना तेंदूपत्ता पर 10 हजार रूपए प्रति मानक बोरा के लिए मोदी की गारंटी, जुलाई माह में 'रानी दुर्गावती योजना' के तहत बीपीएल परिवार में बालिका के जन्म पर 1 लाख 50 हजार रूपए का गारंटी पत्र, अगस्त माह में छत्तीसगढ़ की समृद्ध आदिवासी संस्कृति तथा सितंबर माह में पीएम विश्वकर्मा योजना को प्रमुखता से दर्शाया गया है। अक्टूबर माह में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात बस्तर दशहरा, नवंबर माह में मोदी की गारंटी के रूप में 3100 रूपए में और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की ऐतिहासिक खरीदी और दिसंबर माह में सत्य के प्रतीक भव्य जैतखाम (गिरौदपुरी धाम) को नमन किया गया है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा आरएमए के भरोसे,विशेषज्ञ चिकित्सक अन्य जगह अटैच

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा 8 जनवरी।** शासन ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु भखारा क्षेत्र वासियों को 30 बिस्तर बिस्तर अस्पताल की सौगात दी है ।जहाँ करोड़ों रुपये की लागत से भवन का निर्माण किया गया है । साथ ही एक विशेषज्ञ चिकित्सक एवं दो चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापन भी की गई है। अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ भी पर्याप्त संख्या में पदस्थ है परन्तु तीनो चिकित्सकों को अन्यत्र जगह अटैच कर भखारा क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है जिससे आमजनता एवं जनप्रतिनिधियों में रोष व्याप्त है। इस विषय पर जनप्रतिनिधियों द्वारा बार-बार शिकायत किये जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं किया जाना संदेह को जन्म देता है।

विगत दिनों जनपद पंचायत कुरुद की सामान्य सभा की बैठक में जागरूक जनपद सदस्य द्वय पुरषोत्तम सिन्हा और सुनील गायकवाड़ ने उपरोक्त विषय के संबंध में सवाल खड़ा किया था। जिसके संबंध में बैठक में शामिल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी द्वारा गोलमोल जवाब प्रस्तुत किया गया। करोड़ों की लागत से उपरोक्त अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट,एक्स-रे मशीन सुविधा होने के बाद भी मरीजों को इलाज के लिये मोहताज होना पड़ता है। साथ ही वर्तमान प्रभारी द्वारा ओपीडी




संचालन के साथ साथ कार्यलयीन कार्य भी संपादित किया जाता है जबकि कार्यलयीन कार्य हेतु कर्मचारी नियुक्त है ।

सत्ता परिवर्तन एवं नये कलेक्टर से अपेक्षा है कि जिले के स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर होगा और बेलगाम अधिकारियों के मनमानी में लगाम कसेंगे साथ ही भखारा क्षेत्रवासियों का ध्यान रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ब्लॉक कुरुद के जितने भी अधिकारी कर्मचारी जो मूल पदस्थापना स्थल से अन्य जगह अटैच है उनको तत्काल उनके मूल पदस्थापना स्थल पर भेजे । भखारा की जनता को पोस्टमार्टम के लिए कुरुद जाना पड़ता है जबकि भखारा में ही सुविधा उपलब्ध कराया जा सकता है। ऐसे में अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनपद सदस्य सुनील गायकवाड़ ने कहा है कि इस पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने पर जनता द्वारा जन आंदोलन की तैयारी की जा रही है। जनपद सदस्य पुरषोत्तम सिन्हा ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा के चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ जो कुरुद या अन्य जगह अटैच है फ्री उनको उनके मूल पदस्थापना स्थल पर वापस भेजा जाये ताकि लोंगो को विशेषज्ञ चिकित्सकों का लाभ मिल सके । तेजेश्वर कुर्रे सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि नया कलेक्टर से अपेक्षा है कि मूल पद स्थापना स्थान पर ही रखें ।जिससे जनता को सुविधा मिल सके कई माह से मांग की जा रही है उसके बाद भी मूल पद स्थापना स्थान पर नहीं भेजने से भखारा क्षेत्र के जनता में आक्रोश है अब जन आंदोलन करना ही पड़ेगा।

# कृषि यंत्र एवं मशीनरी परियोजना की 38 वीं वार्षिक कार्यशाला का आयोजन

**रायपुर 8 जनवरी।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में 8 से 10 जनवरी, 2024 तक अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (कृषि उपकरणों एवं मशीनरी) की 38वीं वार्षिक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला का शुभारंभ 08 जनवरी को इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के उप महानिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी) डॉ. एस. एन. झा करेंगे। कार्यक्रम में भोपाल स्थित केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान के निदेशक डॉ. सी.आर. मेहता तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सहायक उपनिदेशक (कृषि अभियांत्रिकी) डॉ. के.पी. सिंह एवं अखिल भारतीय कृषि यंत्र एवं मशीनरी परियोजना के परियोजना समन्वयक डॉ. के एन अग्रवाल भी उपस्थित रहेंगे। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. अजय वर्मा, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, रायपुर के अधिष्ठाता डॉ. विनय पाण्डेय भी भाग लेंगे। इस तीन दिवसीय वार्षिक कार्यशाला के प्रमुख विशेषज्ञ के रूप में पंजाब राव देशमुख कृषि विद्यापीठ के पूर्व कुलपति एवं फार्म मशीनरी के विशेषज्ञ डॉ. सी.एम मायंडे उपस्थित रहेंगे एवं प्रतिभागियों का मार्गदर्शन करेंगे।

इस कार्यशाला में पूरे देश के विभिन्न 27 केन्द्रों में किए गए अनुसंधान, यंत्रों का डिजाइन, विकास, निर्माण एवं उनके प्रशिक्षण संबंधी प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाएंगे तथा विभिन्न क्षेत्रों के निजी संस्थान/कृषि यंत्र निर्मातागण के सहयोग हेतु विचार विमर्श किया जाएगा। ज्ञात हो कि फसल उत्पादन एवं उत्पादकता के लिए कृषि यंत्रीकरण एक आवश्यकता है ताकि सभी कार्य समय पर पूर्ण क्षमता के साथ सम्पन्न हो सके।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में इस परियोजना का संचालन विगत 8 वर्षो से प्रमुख अन्वेषक एवं कार्यशाला के आयोजन सचिव डॉ. आर.के. नायक एवं विभाग अध्यक्ष डॉ ए.के. दवे के निर्देशन में किया जा रहा है। रायपुर केन्द्र द्वारा इस परियोजना के तहत विभिन्न उन्नत कृषि यंत्रों का परीक्षण एवं विकास कार्य किया गया जा रहा।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन के लिए रूट चार्ट जारी

**राजनांदगांव 8 जनवरी।** भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोकहितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन जिले के सभी ग्राम पंचायतों तक पहुंच रही है। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए 7 मोबाईल वैन का संचालन किया जा रहा है। मोबाईल वैन क्रमांक 1 राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत 8 जनवरी को महाराजपुर एवं रानीतराई, 9 जनवरी को भंवरमरा एवं सिंघोला, 10 जनवरी को पनेका एवं बांकल, 11 जनवरी को इंदामरा एवं फरहद, 12 जनवरी को धनगांव एवं लिटिया, 13 जनवरी को सुकुलदैहान एवं बम्हनी, 15 जनवरी को बागतराई एवं धर्मापुर, 16 जनवरी को खपरीकला एवं डिलापहरी, 17 जनवरी को रेंगाकठेरा एवं सिंगपुर, 18 जनवरी को धौराभांठा एवं डोम्हाटोला, 19 जनवरी को डुमरडीहकला एवं खपरीखुर्द, 20 जनवरी को पदुमतरा एवं बासुला, 22 जनवरी को गठुला एवं बोरी, 23 जनवरी को ग्राम पंचायत बरगा पहुंचेगी। मोबाईल वैन क्रमांक 3 डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत 8 जनवरी को ठाकुरटोला एवं भोथली, 9 जनवरी को अछोली एवं कलकसा, 10 जनवरी को बिच्छीटोला एवं सेंदरी, 11 जनवरी को मक्काटोला एवं रामाटोला, 12 जनवरी को लालबहादुर नगर एवं मुंगलानी, 13 जनवरी को खूबाटोला एवं झिंझारी, 15 जनवरी को झण्डातालाब एवं मोतीपुर, 16 जनवरी को नारायणपुर एवं रामपुर, 17 जनवरी को मडियान एवं कोटनापानी, 18 जनवरी को अण्डी एवं बरनाराकला, 19 जनवरी को बछेराभांठा एवं करवारी, 20 जनवरी को हरनसिंघी एवं नागतराई, 22 जनवरी को भैसरा एवं बेलगांव, 23 जनवरी को कुसमी एवं माड़ीतराई, 24 जनवरी को कुसमी एवं माड़ीतराई ग्राम पंचायत पहुंचेगी।

# दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

■ **केन्द्र शासन की लोकहितकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने एवं योजनाओं से लाभान्वित करने की दिशा में बढ़ाए गए कारगर कदम**

**राजनांदगांव 8 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन जिले के दूरस्थ ग्रामों तक पहुंच रही है और केन्द्र शासन की लोकहितकारी योजनाओं के प्रति जनसामान्य में जागृति ला रही है। साथ ही केन्द्र शासन के योजनाओं से वंचित गरीब एवं जरूरतमंदो को लाभान्वित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के योजनाबद्ध एवं व्यवस्थित क्रियान्वयन की दिशा में मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीक से परिचित कराना हो या प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाना हो। आम जनता ने शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए रूझान दिखाया है। मोबाईल वैन के आने से जनसामान्य में उत्साह एवं खुशी है। मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामवासी कभी हिन्दी में तो कभी छत्तीसगढ़ी में अपने अनुभव एवं सफलता की बातें बिना झिझक के बता रहे हैं। भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोकहितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन जिले के ग्राम पंचायतों तक पहुंच रही है। राजनांदगांव जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 16 दिसम्बर 2023 को राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत अंजोरा से किया गया था। अब तक विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन 187 ग्राम



पंचायतों तक पहुंच चुकी है। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए 7 मोबाईल वैन का संचालन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत अब तक 1 लाख 17 हजार 537 कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। जिसमें 66 हजार 164 महिलाओं की भागीदारी रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब तक 731 नागरिकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं 606 लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से लाभान्वित किया गया है। 89 ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इस यात्रा से जनसामान्य को अपने ग्राम पंचायत में ही स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सुविधा मिल रही है। 63 हजार 67 नागरिकों का सामान्य स्वास्थ्य जांच, 48 हजार 436 नागरिकों का बीपी एवं 19 हजार 46 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1 हजार 963 महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। यात्रा के दौरान धरती कहे पुकार कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को जैविक खेती के महत्व को बताया जा रहा है और जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत 10 हजार 968 लाभार्थियों द्वारा शासकीय योजनाओं से उनके जीवन में होने वाले सकरात्मक परिवर्तन के बारे में अपने अनुभव साझा किए गए हैं। खेल के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए 537 खिलाड़ियों को माई भारत वैलिंटियर बनाया गया है। वैज्ञानिक पद्धति से खेती-किसानी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 32 ग्राम पंचायतों में ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में 871 जनप्रतिनिधि एवं अतिथि उपस्थित हो चुके है। जिसमें मुख्य रूप से सांसद श्री संतोष पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू, पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह एवं श्री मधुसूदन यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने समय-समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को गौरवान्वित किया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति देखी जा रही है।

# मुख्यमंत्री के धर्म नगरी राजिम आगमन पर हुआ आत्मीय स्वागत







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,8 जनवरी ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज धर्म नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में आयोजित भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में शामिल हुए इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ भगवान श्री राजीव लोचन एवं भक्त माता राजिम की पूजा अर्चना कर प्रदेश और समाज की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महोत्सव में शामिल समाज के नागरिकों ने मुख्यमंत्री को गजमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने महोत्सव स्थल पर जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि साहू समाज एक प्रगतिशील समाज है, हम सबको राजिम भक्तिन माता एवं माता कर्मा के बताए संदेशों का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ की भव्यता पुनः लौटेगी। देश भर से साधु संत इसमें शामिल होने आयेंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों को राजिम माता भक्ति जयंती की बधाई दी और कहा कि राजिम माता ने जिस साहू समाज को अपनी मेहनत और त्याग से संगठित किया, आज वह समाज शिक्षा, कृषि व व्यवसाय सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है।

**मोदी की गारंटी में 2 साल का धान बोनस किसानों को देने का वादा किए पुरा** -मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी में 2 साल का धान बोनस किसानों को देने का वादा किए थे। सुशासन दिवस में 12 लाख से ज्यादा किसान के खाते में 3700 करोड़ रुपए से ज्यादा राशि किसानों को दिया जा चुका है। मोदी की गारंटी पूरा करने सरकार कदम आगे बढ़ा चुकी है 13 दिसंबर को शपथ लेने बाद 14 को पहली कैबिनेट में 18 लाख आवास बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि पीएससी जांच के लिए सीबीआई को मामला सौंपने का निर्णय लिया गया है। किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान का मुनाफा दिया जाएगा। अभी समर्थन मूल्य दर पर किसानों को भुगतान हो रहा है। अंतर की राशि भी किसानों को दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी में शामिल सभी वादे पांच साल में पूरे किए जायेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, रायपुर ग्रामीण के विधायक श्री मोतीलाल साहू, महासमुंद सांसद श्री चुन्नी लाल साहू, राजिम विधायक श्री रोहित साहू, पूर्व सांसद श्री चंदूलाल साहू, पूर्व गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री श्रीमती रमशीला साहू, साहू समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्री टहल राम साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य एवं नागरिकगण मौजूद रहे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने राजिम भक्तिन माता की जयंती एवं नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि साहू समाज एक संगठित समाज के रूप में जाना जाता है।आज हम सभी राजिम माता की जयंती मनाने आये हैं। सभी समाज की एक देवी और देवता आराध्य होते हैं, लेकिन साहू समाज की विशेष महत्ता है कि दो हमारी आराध्य देवी हैं, माता राजिम और माता कर्मा जिनके आशीर्वाद से हमारा समाज आगे बढ़ रहा है। साहू समाज की विशेषता है कि हमारे समाज के लोग मेहनत और लगन से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि साहू समाज ने सेवा कार्य में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। साहू समाज के लिए गौरव का विषय है कि राजिम भक्तिन माता हमारे समाज की आराध्य देवी हैं। उन्होंने कहा कि साहू समाज सबको दिशा देने का काम करता है और सभी समाजों को साथ लेकर चलता है।

**जिला के अधिकारी एवं जन प्रतिनिधियों ने हेलीपैड पर पुष्प भेंटकर प्रदेश के मुखिया का किया स्वागत-** भक्त माता राजिम महोत्सव में शामिल होने धर्म नगरी राजिम पहुंचे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का नगर वासियों ने आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री बनने पश्चात उनके प्रथम राजिम आगमन पर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने पुष्प भेंटकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ उप-मुख्यमंत्री श्री अरुण साव भी राजिम पहुंचे। इस दौरान राजिम हेलीपैड में महासमुंद सांसद श्री चुन्नीलाल साहू, राजिम विधायक श्री रोहित साहू, पूर्व सांसद श्री चंदूलाल साहू, कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल, एसएसपी श्री अमित तुकाराम कांबले, डीएफओ गरियाबंद श्री मणिवासगन एस, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने मुख्यमंत्री श्री साय का स्वागत किया

## एक नजर

### अनामिका अग्रवाल को मिला अग्र अलंकरम सम्मान



**खरसिया, 8 जनवरी।** काव्य लेखन के क्षेत्र मैं खरसिया को अग्रणी करने वाली अनामिका अग्रवाल को जल्द ही अग्र अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। बहुत ही कम समय मैं इन्होंने साहित्य के क्षेत्र मैं अपना लोहा मनवाया है। इनके परिचय की विशेष झलकिया अंतर्राष्ट्रीय सखी साहित्य परिवार प्रांतीय अध्यक्ष के द्वारा ÷मुस्कान÷ की उपाधि एवं दिव्यालय साहित्य पटल के द्वारा ÷मन ÷की उपाधि से नवाजा गया प्रतिलेख, काव्य मंजरी पटल और मनसंगी पटल के मासिक इ पत्रिकाओं मे निरंतर लेखन। लम्हें जिंदगी के, सखी साहित्य परिवार, काव्य दिव्यालय पटल, काव्य कलश और साहित्य मंच से सम्मान, नवीन कदम के द्वारा सम्मान प्राप्त। प्रतिलेख, काव्य कुमुद, काव्य मंजरी, कलम बोलती है और दिव्यालय जैसे मंचो में आगे आई, प्रेम फाउंडेशन दुर्ग से सांझा संग्रह में शामिल हुई। हिन्दी बोल इंडिया में इनकी निरंतर रचनायें छपती है और आज अखिल भारतीय समिती के संपादिका का कार्य करते हुये तथा काव्य कलश कला एवं साहित्य मंच के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष है। ÷अनदेखे ख्वाब÷ और ÷ख्वाबों की दुनिया÷ दो एकल काव्य संग्रह के साथ 25-30 सांझा संग्रह और विभिन्न मंचो में निरंतर प्रकाशित इ पत्रिका में भागीदार। लेखन प्रतियोगिता में सदैव सबसे पहले शामिल होती है। इनकी रचनाओं में शब्दो का सुंदर समायोजन होता है एवं भाव दिल से निकलते है। इनकी द्वारा अ.भा.मा.म. सम्मेलन के प्रांतीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित काव्य गोष्ठी का संचालन भी किया गया है। ऐसी अनेक उपलब्धियों से इन्होने खरसिया का नाम रोशन किया है। संपूर्ण पता- होटल गोल्डन स्टेशन रोड खरसिया, मोबाइल नंबर- 9826486015, ईमेल - anshumanagrawal@gmail.com

### अवैध शराब बेचने वाले गिरफ्तार



**महासमुंद,8 जनवरी।** पिथौरा में आबकारी टीम द्वारा अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक अवैध शराब विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई करने के सम्बन्ध में कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित कुमार जायसवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी आबकारी मंडल प्रभारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज के मार्गदर्शन में शनिवार को मुखबिर सूचना के आधार पर आबकारी टीम द्वारा मुढ़ीपार में दबिश दी गई। जहां पर सुखराम प्रजापति के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब को अवैध रूप से बिक्री करने रखा गया था। जिसे जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59 (क) का प्रकरण कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत्त पिथौरा प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई।

### प्री मैट्रिक अजा व अजजा बालक छात्रावास के छात्रों को ट्रैक सूट का वितरण



**महासमुंद,8 जनवरी।** जिले में आदिम जाति एवं अनुसूचित विकास विभाग द्वारा संचालित सभी छात्रावास और आश्रम नवाचारों के लिए अपनी अलग पहचान बना रहे है, जहां बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए नित नई गतिविधियों का आयोजन भी हो रहा है। साथ ही छात्रावास में रहने और पढ़ाई में लगन को प्रोत्साहित करने के लिए बचत राशियों से जरूरत की सामग्री भी छात्र-छात्राओं को प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में संचालित प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास और प्री मैट्रिक अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में अधीक्षक छन्नू साहू एवं मदन चौधरी द्वारा बच्चों को ट्रैक सूट प्रदान किया गया है।

जिले में संचालित छात्रावास आश्रम में सामग्री वितरण के लिए सहायक आयुक्त शिल्पा साय द्वारा विशेष मार्गदर्शन दिया गया है।

## मोदी की गारंटी,किसानों को धान की बची राशि एक साथ मिलेगी:साय

■ महिलाओं को 12 हजार, व 500 में सिलेंडर जल्द मिलेगा

■ पी एस सी घोटाले की जांच की जिम्मेदारी सी बी आई को दे रहे हैं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद (राजिम), 8 जनवरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज धर्म नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में आयोजित भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने समाज के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ भगवान श्री राजीव लोचन एवं भक्त माता राजिम की पूजा अर्चना कर प्रदेश और समाज की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महोत्सव में शामिल समाज के नागरिकों ने मुख्यमंत्री को गजमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। 18 लाख आवास स्वीकृत किया है साथ ही 3100 में धान खरीदी की जो गारंटी दिया था उसके लिए हम बची राशि एक मुस्त देंगे । 2 साल का रुका बोनस भी हमने दे दिया है पी एस सी का जो घोटाला हुआ है हम उसके जांच के लिए भी सी बी आई को सौंपने जा रहे हैं ।महिलाओं को बारह हजार देने का वायदा जल्द पूरा करगे । 500 में गैस सिलेंडर भी हम ज्ल्द पूरा करगे। राजिम में 5 एकड़ जमीन की मांग साहू समाज ने की है तथा राजिम कॉरिडोर बनाने की बात कही है हम विश्वास दिलाते हैं इसके लिये जल्द ही कदम बढ़ाएंगे।मुख्यमंत्री श्री साय ने महोत्सव स्थल पर जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि साहू समाज एक प्रगतिशील समाज है, हम सबको राजिम भक्तिन माता एवं माता कर्मा के बताए संदेशों का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजिम कुंभ की भव्यता पुनः लौटेगी। देश भर से साधु संत इसमें शामिल होने आयेंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों को राजिम माता भक्ति जयंती की बधाई दी और कहा कि राजिम माता ने जिस साहू समाज को अपनी मेहनत और त्याग से संगठित किया, आज वह समाज शिक्षा, कृषि व व्यवसाय सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी में 2 साल का धान बोनस किसानों को देने का वादा किए थे। सुशासन दिवस में 12 लाख से ज्यादा किसान के खाते में 3700 करोड़ रुपए से ज्यादा राशि किसानों को दिया जा चुका है। मोदी की गारंटी पूरा करने सरकार कदम आगे बढ़ा चुकी है 13 दिसंबर को शपथ लेने बाद 14 को पहली कैबिनेट में 18 लाख आवास बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि पीएससी जांच के लिए सीबीआई को मामला सौंपने का निर्णय लिया गया है। किसानों को 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान का मुनाफा दिया जाएगा। अभी समर्थन मूल्य दर पर किसानों को भुगतान हो रहा है। अंतर की राशि भी किसानों को दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मोदी की गारंटी में शामिल सभी वादे पांच साल में पूरे किए जायेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, रायपुर ग्रामीण के विधायक श्री मोतीलाल साहू, महासमुंद सांसद श्री चुन्नी लाल साहू, राजिम विधायक श्री रोहित साहू, पूर्व सांसद श्री चंदूलाल साहू, पूर्व गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व मंत्री श्रीमती रमशीला साहू, साहू समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्री टहल राम साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाज के सदस्य एवं नागरिकगण मौजूद रहे।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने राजिम भक्तिन माता की जयंती एवं नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि साहू समाज एक संगठित समाज के रूप में जाना जाता है।आज हम सभी राजिम माता की जयंती मनाने आये हैं। सभी समाज की एक देवी और देवता आराध्य होते हैं, लेकिन साहू समाज की विशेष महत्ता है कि दो हमारी आराध्य देवी हैं, माता राजिम और माता कर्मा जिनके आशीर्वाद से हमारा समाज आगे बढ़ रहा है। साहू समाज की विशेषता है कि हमारे समाज के लोग मेहनत और लगन से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि साहू समाज ने सेवा कार्य में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। साहू समाज के लिए गौरव का विषय है कि राजिम भक्तिन माता हमारे समाज की आराध्य देवी हैं। उन्होंने कहा कि साहू समाज सबको दिशा देने का काम करता है और सभी समाजों को साथ लेकर चलता है।

## सनातन वैदिक हिंदु धर्म का काम करने हमेंशा रहूंगा आगे:सुरेश



**पत्थलगांव, 8 जनवरी।** सनातन वैदिक हिंदु एवं धर्म का काम के लिए मै हमेंशा बढचढ कर अपनी भागीदारी निभाउंगा। विखंडित हुये हिंदुओ को एकता के सुत्र मे बांधकर मातृ रक्षा करना मेरा प्रथम कर्त्तब्य होगा। भारत को तोडने वाली बाहरी शक्तियों को कतई बर्दाश्त नही किया जायेगा,यह बातें विश्व हिंदु महासंघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने प्रेसवार्ता के दौरान कही। कालका पीठाधीश्वर विश्व हिंदु महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत सुरेन्द्र नाथ अवधुत एवं विश्व हिंदु महासंघ के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री हेमंत कुमार सिंह ने समता कॉलोनी निवासी सुरेश अग्रवाल को प्रदेश अध्यक्ष की बडी जिम्मेदारी सौंपी है। उसके अलावा महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने शुभम गर्ग को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मातृ शक्ति की ओर से प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी श्रृष्टि नारायण सिंह को दी गयी है,उसके अलावा राजेश कुमार अग्रवाल को छत्तीसगढ के प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी दी गयी है। विश्व हिंदु महासंघ की ओर से छत्तीसगढ मे इन सभी लोगो की नवीन पदस्थापना को लेकर हिंदु समाज मे बेहद खुशी का माहौल देखा जा रहा है,इस मौके पर विश्व हिंदु महासंघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल का कहना था कि महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारीयों ने उन पर जो विश्वास जताया है उस पर वे हमेंशा खरा उतरने की कोशिश करेंगे। पद एवं महासंघ की गोपनीयता बरकरार रखने के साथ-साथ हिंदुत्व के कामो मे बढचढ कर हिस्सा लेंगे, उनका कहना था कि हिंदु समाज को संगठित करना उनकी पहली जिम्मेदारी है। धर्म की रक्षा एवं उसके प्रति समर्पित होकर समाज को सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी भी महत्वपूर्ण रूप से निभायी जायेगी। उनका कहना था कि सनातन संस्कृति मे गाय को हमेंशा मां का दर्जा दिया गया है,गायो पर होने वाले अत्याचार अब बर्दाश्त नही किये जायेंगे।।

## शिक्षा और विद्यार्थी के बीच शिक्षक सेतु की तरह करता है काम:सुनील



**पत्थलगांव, 8 जनवरी।** शिक्षा और विद्यार्थी के बीच मे संस्था का शिक्षक एक सेतु की तरह काम करता है,विद्यार्थी जब जीवन के भंवर मे फंसता है तो शिक्षक ही ऐसी पतवार है,जो उसे उस भंवर से बाहर निकालने मे मदद करती है। यह बातें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल के वार्षिक उत्सव मे बतौर मुख्य अतिथी बनकर पधारे सुनील अग्रवाल ने सैकडो अभिभावको को संबोधित करते हुये कही थी। आज यहा की शैक्षणिक संस्था सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल मे वहा का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा था,जिसमे मुख्य अतिथी के रूप मे क्षेत्रिय विधायक श्रीमती गोमती साय को आमंत्रित किया गया था,परंतु किसी कारणवश वह कार्यक्रम मे उपस्थित नही हो सकी,जिसके बाद उनके प्रतिनिधि के रूप मे जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल कार्यक्रम मे पधारे हुये थे,उनके साथ ही कार्यक्रम मे भाजयुमो जिला महामंत्री अंकित बंसल,नरेश यादव,सिविल हॉस्पिटल के बी.एम.ओ डॉ जेम्स मिंज,बी.ई.ओ धनीराम भगत,स्कूल के प्रिसिपल सुनील खलखो,वाईस प्रिंसिपल सिलास टोप्पो,मैनेजर फैबनियुस खलखो,रार्बट तिग्गा,अमर महतो,जोरसाय केरकेटटा भी मौजुद थे। कार्यक्रम की शुरूवात मे संस्था के संचालको द्वारा मुख्य अतिथीयों को स्कूल बैंड की धुन पर कार्यक्रम स्थल तक लाया गया,कार्यक्रम की शुरूवात स्कूल के बच्चो ने फ्लोरल वेलकम गीत के साथ की। स्कूली बच्चो ने एक दर्जन से भी अधिक आकर्षक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी,जिसमे लाईट द लैंप,प्रेयर डांस,मेलोडी इन माय हार्ट,है लहु मे चिंगारी,चाईन फैन डांस,साउथ इंडियन फोक डांस,नो टू मोबाईल एवं सेवन सिस्टर जैसे काफी आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये,जिसकी प्रशंसा अभिभावको के साथ-साथ मुख्य अतिथीयों द्वारा भी खुले मन से की गयी।।परिवर्तन से विकास को मिलते पंख-ःसेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल के वार्षिक उत्सव के दौरान यहा के प्राचार्य फा.सुनील खलखो ने आज के कार्यक्रम की सराहना करते हुये कहा कि वार्षिक उत्सव को सफल बनाने मे जितना प्रयास संस्था के लोगो ने किया है उससे कही अधिक कोशिश स्कूली बच्चो की थी,तब जाकर ऐसा मुकाम हासिल हो पाया।

## रामभक्तों को बांटा जाएगा भगवा ध्वज:योगेश्वर

**महासमुन्द, 8 जनवरी।** आगामी 22 जनवरी को श्रीरामनगरी अयोध्या के नवनिर्मित मन्दिर प्रभु श्रीरामचन्द्र जी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पूर्व क्षेत्र के मंदिरों और रामभक्तों को भगवा ध्वज का वितरण विधायक कार्यालय में आगामी 15 जनवरी से किया जाएगा । महासमुन्द विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने क्षेत्रवासियों से भगवान श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतहासिक अभूतपूर्व पल को अविष्मरणीय और भव्य समारोहपूर्वक मनाने की अपील करते हुए कहा कि हमारे आराध्य प्रभुराम जी हिन्दुधर्म की आस्था और श्रद्धा के प्रतीक है 7 सैकड़ो सालों की प्रतीक्षा के बाद हमारे आदर्श भगवान श्रीराम जी का भव्य मंदिर निर्माण भारतभूमि की अयोध्या नगरी में हुई है 7 विधायक योगेश्वर सिन्हा ने 22 जनवरी को रामलला की नवीन मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा के पल को दीपावली पर्व जैसा मनाने की अपील करते हुए कहा हम सभी अपने आसपास के मंदिरों में पूजा अर्चना कर भजन कीर्तन करते हुए भगवान राम नाम का जाप करे । साथ ही अपने अपने घरों के सामने रंगोली बनाकर घरों में तोरण पताका लगाकर साज सज्जा करके शाम को दीपक जलाकर भगवान राम जी की पूजा करते हुए यथासम्भव मिष्ठान प्रसाद का वितरण करे । विधायक योगेश्वर सिन्हा ने कहा कि पूरे देश मे भगवान श्रीरामजी के प्राण प्रतिष्ठा के दिन को अविष्मरणीय और ऐतहासिक बनाने जबरदस्त उत्साह का माहौल है ।

## अभिभावक-शिक्षक बैठक में कई विषयों पर की चर्चा



**महासमुंद।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का प्रमुख उद्देश्य विद्यालय में अध्ययन छात्र-छात्राओं के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम पर, उनके प्रगति व सर्वांगिण विकास के लिए चर्चा करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्रचार्या इंदु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका विजय लक्ष्मी राव, आशा ज्योति डोरा, उर्मिला अग्निहोत्री द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रजज्वलन कर किया गया। शिक्षिका अंशु यादव द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन द्वारा बच्चों के सफलता के मार्ग पर आने वाले सकारात्मक व नकारात्मक तथ्यों पर अपना विचार प्रकट किया गया। संस्था की संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासित जीवन पर अपना विचार अभिव्यक्त कर बच्चों की वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन किया गया। तत्पश्चात उप प्रचार्या इंदु मिश्रा द्वारा अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का नाम घोषित किया गया। इस अवसर पर अभिभावक मुकेश कुमार वर्मा द्वारा विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों पर सकारात्मक विचार व्यक्त किया गया।

### एक माह में एसडीएम कार्यालय से तहसीलदार कार्यालय नही पहुंचा जांच का पत्र

# खरसिया राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार है चरम पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,8 जनवरी।** राजस्व विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और मनमानी की बात किसी से छुपी नहीं है, किसी काम के लिये रिश्वत लेने के बाद ही आवेदन पर नजरें इनायत की जाती है वरना बिना रिश्वत के आवेदनों में तो बस तारीख पे तारीख बढ़ती रहती है, और जिस प्रकरण में चढ़ावे की पहिये लग जाते हैं तो फिर तो वो प्रकरण जम्बो जेट की स्पीड़ से बढ़ता है और सीधे आदेश की मंजिल पर जाकर रूकता है, और जिन प्रकरणों में चढ़ावा नहीं चढ़ता वो बस तारीखों का इंतजार करते रह जाते हैं। मजे की बात यह है कि भ्रष्ट राजस्व कर्मचारी अधिकारियों को शिकायत की भी परवाह नहीं है, और होगी भी क्यों उन्हे पता है कि जब सैंया भये कोतवाल तो ड़र काहे का।खरसिया के रिश्वतखोर राजस्व निरीक्षक तोताराम भारद्वाज के विरूद्व शिकायत के बाद लगभग 1 माह बीत जाने के बाद भी जांच न होना इस आरोप की पुष्टि करता है कि भ्रष्टाचार राजस्व विभाग की नसों में लहू बनकर दौड़ रहा है और नीचे से उपर तक व्याप्त है। विगत वर्ष रायगढ़ जिले में अधिवक्ताओं ने त्रस्त होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग का ऐलान किया था और रैली निकाल कर देश में बजेगा ड़ंका भ्रष्टाचार की जलेगी लंका, सरकार एक काम करो भ्रष्टाचार का रेट फिक्स करो जैसे नारे भी लगाये थे लेकिन जब तक भ्रष्टाचारियों और रिश्वतखोरों को कड़ी सजा नहीं मिलेगी तब तक रिश्वत खोरी और भ्रष्टाचार खत्म नहीं होगा और रिश्वतखोरो के शिकंजे में फंसकर आम आदमी के समय और धन की बर्बादी होती रहेगी।खरसिया के राजस्व निरीक्षक तोताराम भारद्वाज के द्वारा ड़ायवर्सन मामले में गलत प्रतिवेदन देने और रिश्वत की मांग करने की शिकायत लगभग एक माह पूर्व खरसिया एसड़ीएम सहित मुख्यमंत्री, जिला कलेक्टर तक की गयी थी किंतु एक माह बाद भी शिकायत पर कार्यवाही तो दूर जांच की लीपापोती भी नहीं हो पायी है, खरसिया एसड़ीएम कार्यालय के काम की रफ्तार तो इतनी धीमी है कि शिकायत के लगभग एक माह बाद भी जांच किये जाने का पत्र उसी भवन में संचालित दस कदम में स्थित तहसीलदार कार्यालय तक नहीं पहुंच पाया है, तो मुख्यमंत्री और जिला कलेक्टर के द्वारा मामले में संज्ञान लेने के लिये कितने वर्ष बीत जायेंगे यह तो शायद भगवान भी नहीं बता पायेंगे। ऐसे में राजस्व निरीक्षक के मामले में निष्पक्ष जांच हागी भी या फिर मामले को जांच के नाम पर रफा दफा कर भ्रष्टाचारी को क्लिीन चिट दे दी जायेगी, ये तो समय ही बतायेगा।



### मंत्री ओपी चौधरी खुले मंच से कर चुके है घोषणा

मजे की बात तो यह है कि नवनिर्वाचित रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी के द्वारा मंत्री बनने के बाद जिला आगमन पर राजस्व विभाग का नाम लेकर खुले मंच से कहा गया था कि किसी के साथ एक रूपये का भी भ्रष्टाचार होता है तो वो हमसे संपर्क करें, ओपी चौधरी कलेक्टर रह चुकें हैं शायद उन्हें भी पता कि सर्वाधिक भ्रष्ट विभाग राजस्व विभाग ही है। मंत्री बनने के बाद उन्होंने भ्रष्टाचार रोकने का प्रयास जरूर किया है परंतु शायद प्रदेश के मंत्री की बात भी भ्रष्टाचारियों के कानों तक नहीं पहुंच पाई है। विगत कुछ़ वर्षो में विकास ने इतनी तो रफ्तार तो पकड़ी है कि पहले रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार कुर्सी के नीचे और छुपकर किया जाता था अब तो रिश्वत लेने वाला खुलेआम छ़ाती ठोक कर कहता है कि जाओ जहां शिकायत करना है कर दो कोई मेरा कुछ़ नहीं बिगाड़ सकता।

### जांच का नहीं मिला पत्र:तहसीलदार

राजस्व निरीक्षक तोताराम भारद्वाज की शिकायत के संबंध में खरसिया एसडीएम रोहित सिंह के द्वारा तहसीदार से जांच कराने की बात कही गयी थी लेकिन इस संबंध में तहसीलदार शिव ड़नसेना से जानकारी लेने पर उनके द्वारा बताया गया कि एसडीएम साहब के द्वारा मौखिक रूप से कहा गया है परंतु जांच के संबंध में कोई पत्र मुझे नहीं मिला है।

## योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन की समीक्षा करने धरमजयगढ़ पहुंचे सीईओ जिला पंचायत

**रायगढ़, 8 जनवरी।** शासकीय योजनाओं के प्रगति के जमीनी क्रियान्वयन की समीक्षा करने सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव आज धरमजयगढ़ विकासखंड पहुंचे। यहां उन्होंने जनपद पंचायत सभागार में ब्लॉक के सभी पंचायत स्टाफ की बैठक लेकर यहां चल रहे कार्यो की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया और काम में कमजोर प्रदर्शन करने वालों को एक सप्ताह के भीतर सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने बैठक में विकासखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, पीएम जनमन और स्वच्छ भारत योजना के कार्यों की पंचायत वार जानकारी ली। सीईओ श्री यादव ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत हितग्राहियों को मिलना चाहिए।

## एक नजर

### अंचल में अक्षत के साथ श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का दिया जा रहा निमंत्रण

**कोरबा, 8 जनवरी।** कोरबा शहर के पुरानी बस्ती क्षेत्र में मां दुर्गा सेवा समिति की टोली ढोल-ताशे के साथ श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण लेकर घर-घर पहुंच रही है। समिति के कार्यकर्ताओं ने अयोध्या से आए पूजित अक्षत वितरण करने और निमंत्रण देने का काम शुरू किया। आम लोगों को आमंत्रित करने के लिए अक्षत के साथ न्योता लेकर उनके घर पहुंच रहे हैं। टोली के सदस्योंने पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र और निमंत्रण पत्रक का वितरण किया। टोली के सभी सदस्य जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। समिति के सदस्यों ने पुरानी बस्ती, केंवट मोहल्ला, देवांगन मोहल्ला, कोऑपरेटिव बैंक गली, चैहान मोहल्ला, आदिले चैक, प्रताप चैक, इतवारी बाजार, भंडारी चैक, नीम चैक में संपर्क किया। पुरानी बस्ती रानी गेट में मां दुर्गा मंदिर की देखरेख और विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजन और संचालन के लिए मां दुर्गा सेवा समिति का गठन किया गया है। मां दुर्गा सेवा समिति द्वारा 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दिन सुबह 10रू30 बजे से सुंदरकांड का पाठ, दोपहर 1रू00 से लेकर 5रू00 बजे तक भंडारा, 7रू00 बजे दीप प्रज्वलन, आतिशबाजी और रात्रि 9रू00 बजे से जागरण का कार्यक्रम रखा गया है। समिति के सदस्यों ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रंगमहल के कलाकारों ने बढ़ाया जिले का मान

**कोरबा, 8 जनवरी।** राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कोरबा के कलाकारों को 48 पुरुस्कार प्राप्त हुए। सभी रंगमहल संगीत एकेडमी के प्रशिक्षु हैं। सभी विजेता प्रतिभागियों ने एकेडमी संचालक सुधीन दास के साथ नव पदस्थ कलेक्टर अजीत वसंत से मुलाकात की। कलेक्टर ने प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनकी हौसला अफ्जाई की।कोलकाता में आयोजित भारतीय उत्सव प्रतियोगिता में कोरबा के रंगमहल संगीत एकेडमी के संचालनकर्ता सुधीन दास के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में भाग लिया। प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के तबला वादक प. कुमार बोस ने उत्कृष्ट पुरस्कार से नवाजा। प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले प्रतिभागियों का पेरिस में होने वाले प्रतियोगिता के लिये चयन किया गया है। एकेडमी के प्रथम स्थान प्राप्त करने वालों में सूरज सिदार, मोनिषा अधिकारी, यशवर्धन दुबे, एरोन मुखर्जी शमिल हैं। द्वितीय स्थान मोनिका घोष, मुनमुन सरकार, भूपेन्द्र यादव, सरमिष्ठा सिन्हा, विभूति चैहान, मौसमी मांझी, अनुराग सेन गुप्ता, रुद्रांश अग्रवाल, वेदांत अग्रवाल, देवधर धृतलहरे, जोभीता विश्वाचार्य, भूपेन्द्र यादव, सूरज सिदार ने हासिल किया। तृतीय स्थान अन्वेष देवांगन, हार्दिक अग्रवाल, अभ्यान बरानवाल, ईशान वैष्णव, कमल नारायण सिंह, तृषा सिंह, काव्या भगत, उत्कर्ष चन्द्रा, ओम पांडेय, सौर्य दुबे, अर्जुन अग्रवाल, हिमानी रजवाड़े ने प्राप्त किया। चेयरमैन अवार्ड पाने वालों में आरव सिंह यादव, अथर्व सिंह यादव, सौम्या कंवर, राजकमल कुर्रे, प्रक्सल जैन, शोम पांडेय, मोहम्मद जैद खान, जुएद खान, नेहल साहू, उज्जवल सिन्हा, उमंग सिन्हा, सात्विक देवांगन, शिवांश उपाध्याय, आरोही देवांगन, अयांश पांडेय, स्नेहा मांझी शामिल हैं।

### तीरंदाजी का पावर हाउस बनते हुए उभर रहा है एनटीपीसी कोरबा

**कोरबा, 8 जनवरी।** भारत धीरे-धीरे तीरंदाजी में पावर हाउस के रूप में उभर रहा है। हमारे देश के कई आदिम जनजाति जैसेरू- पहाड़ी कोरबा एवं दिहाड़ी कोरवा जिला कोरबा के सुदूर वनांचलों में निवास करते है, जिनका तीरंदाजी पारम्परिक खेल है। इसलिए एनटीपीसी कोरबा प्रबंधन द्वारा तीरंदाजी को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। जिसके अनुपालन में तीरंदाजी प्रतिभा खोज् शिविर का आयोजन कोरबा जिले के 04 स्थानों क्रमशः ग्राम - देवपहरी, अजगरबहार, गढ़-उपरोड़ा, एवं सोनपुरी में किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाज प्रशिक्षक श्री भरत यादव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। उक्त चारों स्थानों में सफ्लता पूर्वक प्रशिक्षण के पश्चात कुशल व प्रतिभावान खिलाड़ियों को देवपहरी में आवासीय तीरंदाजी शिविर में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजी प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु उनकी प्रतिभा को निखारा जा रहा है जिससे वे भविष्य में बेहतर तीरंदाज बन सके। इसमे शारीरिक क्षमता बने हेतु व्यायाम, तीरंदाजी प्रशिक्षण आदि का आयोजन कराया जा रहा है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल लीडरशिप एडवेंचरस कैंप में बच्चों ने उत्साह से लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 8 जनवरी।** खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दिनांक 6 जनवरी 2024 से 7 जनवरी 2024 तक भव्य एडवेंचर्स कैंप का आयोजन कराया गया, जिसमें लगभग 100 विद्यार्थी और अभिभावकों ने भाग लिया।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी बलौदाबाजार जिले का पहला ऐसा विद्यालय है, जहाँ इस प्रकार के कैम्प का आयोजन किया गया। इस एडवेंचर कैम्प में विद्यालय के छात्र-छात्राओं व अभिभावकों के साथ-साथ अन्य विद्यार्थी एवं अभिभावक भी नॉमिनल चार्ज में रजिस्ट्रेशन करा कर हिस्सा लिये और

यह एक प्रकार का अपूर्व अनुभव है। नैनीताल, देहरादून उत्तराखंड से आई प्रशिक्षित टीम कई प्रकार के साहसिक कारनामों वाले खेल के माध्यम से शारीरिक, बौद्धिक एवं साहसिक क्षमता को मज़बूत बनाने के लिए प्रशिक्षण दिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश पोपट की अगुवाई में इस प्रकार के बृहद कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानाचार्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि ÷विद्यालय में समय-समय पर इस तरह के आवेदन का होना बहुत ही अनिवार्य होता है। इससे विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास में उत्तरोत्तर वृद्धि करने में समर्थ होते हैं और जीवन में आने वाली प्रत्येक चुनौतियों का सामना करने जैसी विद्या में पारंगत रहते हैं। एडवेंचर में जहाँ एक और डीडब्ल्यूपीएस के विद्यार्थी सहित जिले के अन्य कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया वहीं अभिभावक और शिक्षक भी पीछे नहीं रहे। 2 दिन और एक रात के इस एडवेंचरस कैंप में प्रतिभागी सभी विद्यार्थी रात में विद्यालय प्रांगण में ही रुके, कैंप फायर के साथ-साथ एडवेंचर एक्टिविटी भी किया। प्रतिभागियों के खान-पान व ठहरने की उत्तम व्यवस्था भी की गई थी।





## जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

# 40 से अधिक बच्चों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 जनवरी।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश में जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन पंडित चक्रपाणि शुक्ल आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ठ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में किया गया। इस प्रतियोगिता में विकासखण्ड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्राथमिक शाला, उच्च प्राथमिक व हाई, हायर सेकंडरी स्तर के 43 प्रतिभागियों ने सहभागिता दी। प्रतियोगिता का आंरभ जिला शिक्षा अधिकारी बी.एल. देवांगन जिला मिशन समन्वयक एम.एल. ब्राम्हणी, सहायक संचालक के.एस.मेरावी, बी.आर.पटेल एवं के.के. गुप्ता द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजा अर्जना कर किया गया। सहायक कार्यक्रम समन्वयक मनहरण लाल साहू, जहीर अब्बास, खिलावन वर्मा एवं अरूण वर्मा द्वारा प्रतियोगिता में आये सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए भविष्य में इस प्रकार के नवाचारी गतिविधियों द्वारा बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा क्विज प्रतियोगिता में सहभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। बलविंदर सिंह प्राचार्य चक्रपाणी शुक्ल आत्मानंद हिन्दी माध्यम उत्कृष्ठ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार, नारायण प्रसाद साहू प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार एवं पार्वती वर्मा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा निर्णायक की भूमिका में





तथा संतोष कुमार रात्रे व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कहरौद, विद्याचरण वर्मा व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल संकरी एवं गिरधर लाल कोसरे शिक्षक शासकीय उच्च प्राथमिक शाला सरखोर नें मूल्यांकनकर्ता के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन कियें। जीवनलाल जोशी विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा पलारी, लेखराम साहू विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा भाटापारा एवं कविता सरसिंहा जिला नोडल अधिकारी द्वारा नवाचारी शिक्षा कबाड़ से जुगाड़ से शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा मे सुधार की महत्ता से अवगत कराया गया।

जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में हेमंत कुमार श्रीवास सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला मड़कड़ी विकासखण्ड बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़ प्रथम, योगेश्वरी साहू व सीमा जायसवाल सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला डोटोपार विकासखण्ड बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वितीय एवं अशोक कुमार साहू सहायक शिक्षक शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कोसमकुण्डा विकासखण्ड बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़- बिलाईगढ तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा क्विज प्रतियोगिता एलिमेंट्री स्तर(कक्षा 1 से कक्षा 5) में कु. तिनु घृतलहरे कक्षा पांचवी वीं शासकीय कन्या प्राथमिक शाला कोसमंदी विकासखण्ड पलारी प्रथम, जयंत यदु कक्षा चौथी शासकीय प्राथमिक शाला दर्रीपारा केसदा विकासखण्ड सिमगा द्वितीय तथा कु. सुमन साहु कक्षा पांचवीं शासकीय प्राथमिक शाला रसेड़ी विकासखण्ड बलौदाबाजार तृतीय, क्विज प्रतियोगिता एलिमेंट्री स्तर(कक्षा 6 से कक्षा 8) में बृजश प्रधान कक्षा आठवीं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुम्हारी विकासखण्ड कसडोल प्रथम, कु. आयुषी कक्षा आठवीं स्वामी आत्मानंद पूर्व माध्यमिक शाला पलारी द्वितीय तथा कु. लक्ष्मी कक्षा आठवीं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पाटन विकासखण्ड भाटापारा, समीर बेग मिर्जा कक्षा आठवीं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला माता देवालय भाटापारा व रोमा पटेल कक्षा सातवीं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला स.उ.टुण्डरी विकासखण्ड बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ तृतीय क्विज प्रतियोगिता सेकंडरी स्तर (कक्षा 9 से 12) में संजना कर्ष कक्षा बारहवीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्दा विकासखण्ड कसडोल प्रथम, कु. धनेश्वरी वर्मा कक्षा ग्यारहवीं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ विद्यालय ओड़ान विकासखण्ड पलारी द्वितीय तथा अमर वर्मा कक्षा बारहवीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पैजनी विकासखण्ड बलौदाबाजार, कु.रीना साहू कक्षा बारहवीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमंदी विकासखण्ड पलारी व भावेश शर्मा कक्षा बारहवीं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ विद्यालय पलारी विकासखण्ड पलारी तृतीय स्थान प्राप्त किये। कार्यक्रम के अंत में कल्पना साहू, देवेन्द्र सोनी, स्वाती बाजपेयी, महेन्द्र वर्मा, योगेन्द्र साहू, विनय वर्मा एवं केशव चन्द्रा द्वारा प्रारंभिक स्तर के बच्चों की भाषा व गणित की शिक्षा में सुधार हेतु नवाचारी प्रयास जो सामान्य रूप से अनुउपयोगी वस्तुओं द्वारा निर्मित कर बिना लागत के बना कर उपयोग में लाये जाने के लिए प्रतियोगिता में उपस्थिति प्रतिभागियों तथा क्विज प्रतियोगिता के सहभागी छात्र-छात्राओं को प्रेरित किये।

# बघेल कांप्लेक्स में जुआ खेलते 10 गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 8 जनवरी।** ग्राम हथबंध बाजार चौक के बघेल कांप्लेक्स में पुलिस ने छापा मार कार्यवाही करते हुए 10 जुवाड़ियो को रंगे हाथ पकड़ा वरिष्ट अधिकारियों के मार्ग दर्शन में हथबंध टी आई अजय झा के द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को हथबंध टी आई अजय झा अपने स्टाप के साथ पेट्रोलिंग गस्त पर निकले थे उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम हथबंध के बाजार चौक बघेल बाड़ा में दबिश देकर छापेमार कार्यवाही की गई छत्रपाल कांप्लेक्स के कमरे में बहुत से लोग जुवा खेल रहे थे जिस पर विधिवत कार्यवाही की गई और 10 जुवाड़ियों को रंगे हाथ पकड़े गए जिनके पास से 1, 22, 215 रुपए नगद एवम 52 पत्ती तास जब्त किया गया जुवाडियो में राजेंद्र बघेल पिता प्रेमलाल, कृष्णा चतुरे (सोनू) पिता उमाशंकर, टेकराम पिता पुरुषोत्तम विषकर्मा, राजा साहू पिता



देवलाल साहू, जितेंद्र पिता रोहित तुरकाने, भूषण पिता लालूराम वर्मा, संदीप साहू पिता भरत साहू, नितेश पिता लालमन, आरोपी छत्रपाल बघेल से पूछताछ करने पर अपने कांप्लेक्स में जुवा खेलना बताया गया उक्त आरोपी पर अपराध क्रमांक 0/23 की धारा 13 सार्वजनिक जुवा अधिनियम 1867 एवम छ ग जूवा अधिनियम 2022 की धारा 4, 5, घटित करना पाए जाने से आरोपी के विरुद्ध देहाती नालीस तैयार कर विवेचना कर न्यायलय में पेश किया गया।

यह बताना आवश्यक है की ग्राम हथबंध के छत्रपाल कांप्लेक्स (बाड़ा) में लंबे समय से जुआ चल रहा था पूर्व में शिकायत के बाद भी कार्यवाही नही होती थी वर्तमान टी आई अजय झा ने मुखबिर की सूचना पर योजना बद्ध तरीके से कार्यवाही करते हुए 10 जिवारियो को नगदी रकम और तास पत्ती के साथ गिरफ्तार किया।

### स्ट्रांगरूम में व्यवस्था सुनिश्चित करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**कोरबा, 8 जनवरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के लिए झगरहा स्थित आईटी कोरबा कॉलेज में निर्मित स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होने संपूर्ण स्थल के सुरक्षा के मद्देनजर बारीकी से निरीक्षण करते हुए लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया आरंभ होने के दौरान सामग्री वितरण, सामग्री मिलान, पार्किंग, स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान आयुक्त नगर निगम सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री जी आर जांगड़े सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने स्ट्रांग रूम परिसर में सीसीटीवी कैमरा, मतपेटी, ईव्हीएम वितरण केंद्र व मतगणना स्थल तक सुव्यवस्थित पहुंच मार्ग, साफ-सफाई, विद्युत, अग्निरोधक यंत्र, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था, ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन की सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## समाचार संक्षेप

### साहू समाज ने किया विधायक इन्द्र साव का सम्मान



**भाटापारा, 8 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर साहू समाज भाटापारा द्वारा साहू छात्रावास, दानवीर भामाशाह चौक के पास, परशुराम वार्ड में समाज के नवनिर्वाचित विधायक इन्द्र साव का सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हे शाल, श्रीफ्ल व स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर इन्द्र साव ने कहा कि हमारा समाज आज के इस आधुनिक युग में सर्व समाज के हित में लगकर काम कर रहा है। समाज सभी वर्ग के लोगों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर हर प्रकार के लोकोपयोगी कार्यों में अपना अमूल्य योगदान दे रहा है। नि:संदेह हमारा समाज बहुत मेहनती है। वह अपनी ईमानदारी के साथ छत्तीसगढ़ महतारी के द्रुतगति से विकास के लिए अपनी कमर कस के विभिन्न कार्यों में लगा हुआ है। आज शिक्षा के क्षेत्र में भी हमारा समाज अग्रणी की भूमिका में खड़ा नजर आता है। अभी हमें और भी कई सोपान पूरे करने है, इसके लिए आपने सभी समाजिक बंधुओं से अच्छी मेहनत करने का भी आव्हान किया। इस सामाजिक कार्यक्रम में सुकृत साहू, सालिकराम साहू, शंकरलाल साहू, दीनदयाल (रामु) साहू, घनाराम साहू, कल्याणी साहू, मनीराम साहू, नारायण साहू, लुकु साहू, जीत नारायण साव, लिकेश साहू, सती साहू, नीरादेवी साहू, लखन साध्य, पिलाराम साहू, तरुण साहू, कांतिलाल साहू, धरमेंद्र साहू, मानकुंवर साहू, दारा साहू, महेंद्र साहू, सुखदेव साहू, लेवेश साहू, सोनू साहू, लाला साहू, दुखित साहू, रवि साहू, चंद्रप्रकाश साहू, कामना साहू, रूखमणी साहू, बोधनी साहू व बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित रहें।

### सीएसईबी चौक, बालको-रिस्दी व सर्वमंगला मार्ग सहित अन्य चौराहों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**कोरबा, 8 जनवरी।** शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जिले के नवपदस्थ कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने शहर के विभिन्न मार्गो व चैक-चैराहों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, एसडीएम कोरबा श्री श्रीकांत वर्मा, लोक निर्माण विभाग, यातायात पुलिस सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर वसंत ने अधिकारियों से शहर में भारी वाहनों के कारण लगने वाले जाम वाले स्थानों की जानकारी लेते हुए सीएसईबी चौक, सर्वमंगला तिराहा, सर्वमंगला-कनकी मार्ग, राताखार मार्ग, मेजर ध्यानचंद चैक, परसाभांठा चौक और रिस्दी चैक का निरीक्षण किया। उन्होंने इन सभी प्वांइट्स से होकर गुजरने वाले भारी वाहनों के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। अवलोकन के दौरान कलेक्टर ने कहा कि भारी वाहनों के कारण यातायात का दबाव और इसके कारण जाम न लगे, इसका ध्यान रखा जाएं। उन्होंने खदान से कोयला लेकर निकलने वाले भारी वाहनों का संचालन निर्धारित रूट से ही करने के निर्देश दिए। वहीं भारी वाहनों के शहर के भीतर प्रवेश मार्गो एवं निकासी प्वाइंट का अवलोकन कर यातायात व्यवस्था बेहतर व सुगम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मुख्य मार्गों पर वाहनों को बेतरतीब ढंग से पार्किंग नहीं होना चाहिए ताकि अनावश्यक रूप से यातायात बाधित न हो। जिले से बाहर जाने वाली भारी वाहनों को शहर के आउटर से ही आवागमन की व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने सर्वमंगला मंदिर के आगे बन रहे सड़क निर्माण का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**गेरवाघाट इनटेक वेल का किया अवलोकन:** कलेक्टर अजीत वसंत ने शहर के गेरवाघाट में अमृत मिशन योजना अंतर्गत निर्मित्त इनटेक वेल का अवलोकन किया। उन्होंने यहां से होने वाले जल आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी लेकर निर्देश दिए। गेरवाघाट स्थित इस इनटेक वेल में पंपिंग के माध्यम से हसदेव नदी का रॉ वॉटर लेकर कोहड़िया स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (29 एमएलडी) तक पहुंचाया जाता है। यहां से जल उपचारित कर अमृत मिशन योजना पार्ट-2 दर्री, सर्वमंगला, बांकी-मोंगरा क्षेत्र के लिए सप्लाई की जाती है। इसके पश्चात कलेक्टर ने इनटेक वेल के पास ही नहर में क्रास रेगूलर गेट के निर्माण कार्य का अवलोकन किया और जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गेरवाघाट मार्ग को पंपहाउस से जोड़ने वाली निर्माणाधीन नहर मार्ग का कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

### मदरसा गुलशने मदीना में हुआ इस्लामिक क्विज काम्पिटिशन

**कोरबा-रजगामार, 8 जनवरी।** मदरसा गुलशने मदीना में छोटे बच्चों का इस्लामिक क्विज काम्पिटिशन का आयोजन किया गया। इसमें रजगामार और ओमपुर क्षेत्र समेत दीगर इलाकों से मुस्लिम बालक-बालिका शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन मो मतिउर्रहमान, मो असगर, मो नईम, हाजी यासीन, शाहिद अली ने किया। कार्यक्रम में हाजी इरफ्ान, मो नावेद और मो शमसाद बतौर जज शामिल हुए। मुख्य रूप से मौलाना तुफैल, हाफ्जि शफीक, मौलाना अजीजुल हक, मौलाना जमील ने शिरकत किया। कार्यक्रम को दो वर्गों में बांटा गया था। पहला वर्ग 10 वर्ष से 16 वर्ष तक के बच्चों का रहा। इसमें कुल 38 बच्चे प्रतिभागी रहे। दूसरा वर्ग 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का रहा, इसमें कुल 15 बच्चे प्रतिभागी रहे। पहले वर्ग में प्रथम स्थान अर्श खान, दूसरा स्थान करीना बानो, तीसरा स्थान सैय्यद रेहान साहब ने हासिल किया। दूसरे वर्ग में प्रथम स्थान अयानुर्रहमान, दूसरा स्थान कामरान और तीसरा स्थान नूरी खातून ने हासिल किया। विजेताओं को शील्ड और सर्टिफ्किेट प्रदान किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागी बच्चो को सांत्वना पुरूस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग शामिल हुए। दोनों ग्रुपों के बच्चों को तैयार करने वाले इमाम मदरसा गुलशने मदीना पेश इमाम तुफैल को 1500 रूपये की नगद राशि देकर के सम्मान किया गया, क्योंकि बच्चों को उन्होंने कंपटीशन सिखाने में अहम भूमिका निभाई।

## बलौदाबाजार जिला अस्पताल में लगातार हो रहा स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

# एक माह में हुए सौ से अधिक मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 जनवरी।** जिला अस्पताल बलौदाबाजार लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में अग्रसर है। इसी कड़ी में माह दिसंबर में बलौदाबाजार जिला अस्पताल में 107 मोतियाबिंद के सफ्ल ऑपरेशन किए गए। इस ऑपरेशन में विशेष बात यह रही कि इसमें न केवल वृद्धजनों को हुए मोतियाबिंद का उपचार किया गया बल्कि किन्हीं कारणों से कम आयु में मोतियाबिंद के शिकार बने मरीजों का भी सफ्लतापूर्वक ऑपरेशन किया गया।

जिला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं सिविल सर्जन डॉक्टर आर के अवस्थी के द्वारा यह सभी ऑपरेशन किए गए उन्होंने बताया कि अस्पताल में



मोतियाबिंद हेतु एस आई सी एस तथा फेको मशीन इन दोनों ही पद्धतियों के माध्यम से मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाता है। ऑपरेशन के चौथे दिन ही मरीज को छुट्टी दे दी जाती है। यह ऑपरेशन पूरी तरह से निःशुल्क है इसके साथ ही यहां दवाइयां, चश्मा भी प्रदान किया जाता है। अस्पताल में रहने के दौरान मरीज के भोजन की भी व्यवस्था की जाती है।

ग्राम कोनारी की 27 वर्षीय संतोषी ध्रुव को किसी अन्य बीमारी के कारण मोतियाबिंद हो गया था। संतोषी को प्रकाश के आभास के अतिरिक्त अन्य कुछ भी दिखाई नहीं देता था ऑपरेशन के पश्चात अब वह पूरी तरह से देख सकती है। इसी प्रकार करमदा की 8 वर्षीय बच्ची के पिता कृष्ण कुमार ने बताया की उनकी बेटी को जन्म जात मोतियाबिंद था जिस कारण आँखों की दृष्टि बहुत कम थी पर ऑपरेशन के पश्चात बच्ची अब सामान्य है तथा उसकी नेत्र ज्योति लौट आई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एम पी महिस्वर के अनुसार राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत ग्राम स्तर पर क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से मितानिन, स्वास्थ्य कर्मी लगातार नेत्रों का परीक्षण करते रहते हैं, तथा आवश्यकता पड़ने पर ऑपरेशन के लिए उन्हें जिला अस्पताल भी भेजा जाता है। अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए सभी आवश्यक जरूरी सुविधा निःशुल्क उपलब्ध हैं। आमजन भी सीधा अस्पताल पहुंचकर सुविधाओं का लाभ ले सकते है। इसके अतिरिक्त जिला अस्पताल में अत्याधुनिक सीटी स्कैन, सोनोग्राफी, स्पीचथैरेपी, फ्जियोथैरेपी सेंटर की सुविधा उपलब्ध हैं।

### 10 ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**बलौदाबाजार, 8 जनवरी।** कलेक्टर चंदन कुमार के मार्गदर्शन में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जिले में रूट चार्ट के अनुसार लगातार जारी है। इसी कड़ी में जिले के 5 विकासखण्ड के निर्धारित 10 ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। रूट चार्ट के अनुसार बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत अमलीडीह में प्रातः 10बजे से एवं अपरान्ह 2 बजे से ग्राम पंचायत कोयदा में, विकासखण्ड भाटापारा अन्तर्गत ग्राम पंचायत पेंडरी में प्रातः 10 बजे से एवं अपरान्ह 2 बजे से ग्राम पंचायत सुमा में, विकासखण्ड कसडोल के ग्राम पंचायत हसुआ में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत बलौदा में अपरान्ह 2बजे से, विकासखण्ड पलारी के ग्राम पंचायत गाड़ाभाठा में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत गितकेरा में अपरान्ह 2 बजे से, विकासखण्ड सिमगा के ग्राम पंचायत बनसांकरा में प्रातः 10 बजे एवं अपरान्ह 2 बजे से ग्राम पंचायत कचलोन में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में विभागो द्वार स्टाल लगाया जएगा जिसमें योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही पात्र हितग्रहियों का नवीन पंजीयन भी किया जाएगा। इसके साथ ही योजना का लाभ लेने में किसी प्रकार की समस्या हो रही हो तो उसका समाधान किया जाता है तथा हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाता है।

## एक नजर

### नौकरी लगवाने के नाम पर 12 लाख की ठगी, दो गिरफ्तार

**रायपुर, 8 जनवरी।** मंत्रालय सहित अन्य शासकीय विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर आधा दर्जन लोगों से 12 लाख की धोखाधड़ी करने वाले दो युवकों को टिकरापारा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी एक राजनीतिक दल से भी जुड़ा रहा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थिया नंदनी धीवर एवं नीलकंठ गोंड, गीता देवांगन, घनश्याम देवांगन, मीनाक्षी मिश्रा, सुरेखा शोरी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि आरोपी प्रशांत सोनी, उत्तम उर्फविक्रम नेताम एवं पिंकी कौर द्वारा मंत्रालय एवं अन्य विभागो में शासकीय नौकरी लगाने का झांसा देकर सभी से अलग-अलग 12,00,000 लाख रूपए वसूला गया और रकम मिलने के बाद भी नौकरी नहीं लगवाई गई। शिकायत को गंभीरता में लेते हुए शिकायत की जांच की गई जिसमें आरोपियों द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर प्रार्थियों से ऑन लाईन, चेक एवं नगदी के माध्यम से रकम प्राप्त कर धोखाधड़ी करना पाये जाने से आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर आरोपी प्रशांत सोनी पिता सुरेन्द्र सोनी 31 वर्ष निवासी झंडा चौक बोरियाखुर्द तथा उत्तम नेताम उर्फ विक्रम नेताम पिता आंनद राम नेताम 29 वर्ष निवासी पुजारी नगर तीन मंदिर के पास को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

### चाकू से हमला कर युवक की हत्या, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 8 जनवरी।** महादेवघाट शनि मंदिर के पास चार युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजय सोनवानी 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी बिट्टू यादव, मुकेश यादव, रवि ठाकुर व अमित यादव ने प्रार्थी के भांजा आशीष बंजारे 18 वर्ष व उसके दोस्त उमेश मसकोले पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे आशीष बंजारे की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपियों के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 8 जनवरी।** रावाभाठा स्थित अजंता प्लाईवुड के पास उधार पैसे की लेन-देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विशालदास मानिकपुरी 23 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी मनोज साहू ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### क्लीनिक के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 8 जनवरी।** बोरियाखुर्द चौक स्थित कमल क्लीनिक के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रजत पटेल 28 वर्ष सिवनी मुजगहन का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचजेड 8125 को बोरियाखुर्द क्लीनिक के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब बेचते 4 गिरफ्तार

**रायपुर, 8 जनवरी।** । राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 79 पाव देशी एवं विदेशी शराब व बिक्री रकम 590 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने मेडिसाइन अस्पताल के पीछे अवैध शराब बेचते आरोपी तरूण चौहान 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 24 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने बीनू पेट्रोल पम्प के पास अवैध शराब के साथ आरोपी प्रकाश वर्मा 34 वर्ष एवं मनीष वर्मा 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 40 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी कृष्णा बंजारे 22 वर्ष के पास से 15 पाव देशी शराब जब्त किया है।

### बाइक से गांजा तस्करी करते युवक पकड़ाया

**रायपुर, 8 जनवरी।** आरंग पुलिस ने महासमुंद तिराहा के पास बाइक से गांजा ले जाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 2 किलो गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि महासमुंद तिराहा के पास एक बाइक सवार गांजा रखा हुआ है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी ललित यादव 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से बाइक व दो किलो गांजा जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# लोस चुनाव की तैयारियों पर 11-12 को नई दिल्ली में आयोग का मंथन

■ **कंगाले देंगी प्रस्तुतीकरण**

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 8 जनवरी।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रदेशों के सभी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। 11 व 12 जनवरी को नई दिल्ली में होने वाली बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले भाग लेकर छत्तीसगढ़ में लोकसभा की तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देंगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के ज्वाइंट सीईओ यूएस अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम चल रहा है। यह कार्य 22 जनवरी तक पूरा हो जाएगा। वर्तमान में फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र का शत-प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। मतदाता सूची में विलोपन, स्थानांतरण एवं नए मतदाताओं का नाम जुड़ जाएगा। इसलिए यह कार्य जिला स्तर पर किया जाता है। इसके लिए नोटिफाइड अधिकारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार को बनाया गया है। राज्य में लोकसभा चुनाव की 11 सीट है। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव हुए थे। सात चरणों में यह चुनाव कराए गए थे। छत्तीसगढ़ में नक्सल समस्या को देखते हुए दो चरणों में चुनाव कराया जाना प्रस्तावित है। राज्य में कुल मतदाता दो करोड़ चार लाख हैं। मतदान केंद्रों की संख्या 24109 है। सर्विस वोटरों की संख्या 19905 है। राज्य में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए 6 हजार मतदान केंद्रों में वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। इन्हीं समस्त तैयारियों के बारे में रीना कंगाले मुख्य निर्वाचन कार्यालय में डेमोस्ट्रेशन देंगी।

### नक्सल क्षेत्रों में होगी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था

नक्सली क्षेत्र में तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। यहां पर मतदान केंद्रों में मतदान दलों को भेजने के लिए हेलीकाप्टर की व्यवस्था की जाएगी। पिछले लोकसभा चुनाव की घोषणा 11 अप्रैल को की गई थी। अब फरवरी माह में लोकसभा चुनाव कराए जाने की तैयारी किए जाने के संकेत मिले हैं।

### भाजपा में बैठकों का दौर जारी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सरगुजा पहुंच चुके हैं। अंबिकापुर मुख्यालय में होने वाली बैठक में वे भाजपा के शीर्ष पदाधिकारियों से मिलकर प्रत्याशी चयन एवं चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। ज्ञात रहे सरगुजा संभाग में कुल 13 सीट है। इनमें सभी सीटों पर भाजपा को विजय प्राप्त हुई है। कांग्रेस से भाजपा में आए चिंतामणि महाराज सहित अन्य दावेदार सामने आए हैं। यह सीट आरक्षित है। वर्तमान में कांग्रेस के दो सांसद एवं भाजपा के 9 सांसद हैं। कांग्रेस में भी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर शुरू होने वाला है। छग प्रभारी सचिन पायलट यहां आने वाले हैं।

# कांग्रेस की ईडी की कार्रवाई पर दोहरी मानसिकता: मूणत

**रायपुर, 8 जनवरी।** राम मंदिर को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि कांग्रेस नेता राम मंदिर को लेकर प्रश्नवाचक चिन्ह खड़ा कर देते हैं. जनता जानती है कि आपने क्या किया है. कई पुराने मुद्दों पर कांग्रेस ने कुछ नहीं किया. मोदी जी ने सबका विकास, सबके साथ किया है।

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने मीडिया से चर्चा में ईडी की कार्रवाई पर दीपक बैज के बयान पर कहा कि छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई हो तो गलत, लेकिन बंगाल में हो तो नेता प्रतिपक्ष तारीफ करे. कांग्रेस की दोहरी मानसिकता क्यों है? वहीं कांग्रेस के प्रदेश इलेक्शन कमेटी के गठन पर मूणत ने कहा कि एक बार नैय्या टूट चुकी है, और भरोसा भी टूट चुका है. पहले अपने घर को ठीक कर लें. छत्तीसगढ़ का विकास डबल इंजन की सरकार करेगी.

रायपुर पश्चिम विधायक ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कहा कि बीजेपी जनता की सेवा के लिए तैयार रहती है. जनता ने बीजेपी पर भरोसा जताया है. बीजेपी छत्तीसगढ़ की गति को बढ़ाने का काम कर रही है. जनता के मैंडेट के साथ आगे बढ़ रहे हैं. चाहे सरकार में रहे या ना रहे मोदी के प्रति लोगों का विश्वास बना रहा. हमने ही बनाया है, हम ही संवारेंगे. 11 सीटों के साथ मोदी जी के नेतृत्व में काम करेंगे.हसदेव में पेड़ों की कटाई पर बैज के बयान पर मूणत ने तंज कसते हुए कहा कि स्वीकृति किसने दी? उसमें क्यों नहीं बोलते कांग्रेस नेता जब फाइल में साइन किए तब उसमें तारीख भी डाली होगी. डिस्प्लेस की तारीख भी डाली होगी।

### धीरे-धीरे पांव पसार रहा है कोरोना

**रायपुर, 8 जनवरी।** राज्य में बीते चौबीस घंटों के दौरान कोरोना के सात नए मरीज सामने अए हैं। इस तरह राजधानी रायपुर में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 40 हो गई है। एक कोरोना पीड़ित की शनिवार की रात अंबेडकर अस्पताल में मौत हो गई है। एक मरीज अभी भर्ती है। राजधानी सहित प्रदेश में नए मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। डाक्टरों के अनुसार शनिवार की शाम एक मरीज को गंभीर हालत में लाया गया। देर रात उसकी मौत हो गई है। रविवार को एक और संक्रमित को वार्ड में भर्ती किया गया है। डाक्टरों के अनुसार फ्लिहाल वार्ड में गंभीर मरीजों को एडमिट किया जाएगा। कोविड प्रोटोकॉल के तहत ही इन मरीजों का इलाज करना होगा। मरीजों की लगातार बढ़ रही संख्या को देखते हुए अंबेडकर अस्पताल में अलग-अलग बीमारी की वजह से भर्ती किए जा हो रहे मरीजों की भी कोरोना जांच शुरू कर दी गई है।

# महिला और युवक अवैध कारोबार करते गिरफ्तार

**रायपुर, 8 जनवरी।** महिला और युवक अवैध कारोबार करते गिरफ्तार हुए है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना धरसींवा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सांकरा स्थित सतनामी पारा में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा चौकी सिलतरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये मकान में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान मकान में एक व्यक्ति उपस्थित था जिसने पूछताछ में अपना नाम लोकनाथ नौरंगे होना बताया टीम के सदस्यों द्वारा कमरे की तलाशी लेने पर कमरे में मादक पदार्थ गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी लोकनाथ नौरंगे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 100 ग्राम गांजा कीमती लगभग 20,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 13/2024 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार थाना प्रभारी धरसींवा व चौकी प्रभारी सिलतरा के नेतृत्व में चौकी सिलतरा पुलिस टीम द्वारा थाना धरसींवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम टांडा स्थित अपने होटल में महिला आरोपी मीनाक्षी साहू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 किलो 130 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 20,000/- रूपये जप्त कर महिला आरोपी के विरूद्ध थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 12/2024 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# तबादला आदेश संशोधन कराने भटक रहे कर्मचारी

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 8 जनवरी।** पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के नगरीय निकाय, शिक्षा एवं महिला बाल विकास में लेन-देन कर जो पदस्थापना सूची जारी की गई थी उसको लेकर अब पीड़ित कर्मचारी-अधिकारी अपना आदेश संशोधित कराने के लिए मंत्रालय में भटक रहे हैं।

नगरीय निकाय विभाग कांग्रेस कार्यकाल में लेन-देन को लेकर काफी चर्चा में आया था। विधानसभा चुनाव में होने वाले खर्च को लेकर अनाप-शनाप पैसा मुख्य नगर पालिका अधिकारी, लेखापाल, स्वच्छता निरीक्षक एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से लेने का आरोप है। इस सूची के जारी होने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया था। विधानसभा चुनाव के कारण अधिकारियों ने इसका फायदा उठाया। नई पदस्थापना के बावजूद अधिकारियों ने उन्हें ज्वाइनिंग नहीं दी। कुछ लोगों का संशोधित ट्रांसफर आर्डर भी जारी हुआ और उन्हें जानबूझकर रिलीव कर दिया गया। नगरीय निकाय के पीड़ित कर्मचारी भी मंत्रालय में ज्वाइंट सेक्रेटरी पुलक भट्टाचार्य का चक्कर काट रहे हैं। नवनिर्वाचित विधायक इसमें काफी रुचि ले रहे हैं। अधिकारी पीड़ित कर्मचारियों को न्याय देने के लिए मदद कर रहे हैं। पूर्व शिक्षामंत्री के निज सहायक ने भी जिला शिक्षा अधिकारियों, व्याख्याताओं एवं एलबी-1, 2, 3 के बड़ी संख्या में स्थानांतरण आदेश जारी किए थे। बाद में मंत्री को कैबिनेट से हटा दिया गया। नए शिक्षा मंत्री ने सूची को पुनः संशोधित कर दिया। चुनावी आचार संहिता लगने के बाद शिक्षकों को ज्वाइनिंग नहीं दी गई। चुनाव समाप्त होने के बाद अब नया आदेश नहीं निकला है लेकिन ज्वाइनिंग के नाम पर लाखों रुपए मांगे जा रहे हैं। वर्तमान शिक्षा मंत्री से शिक्षकों ने गुहार लगाई है। वर्तमान शिक्षा संचालक विद्या मिश्रा एवं संयुक्त सचिव पुलक भट्टाचार्य इस सूची को संशोधित करने के लिए माथापच्ची कर रहे हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग में सुपरवाइजरों एवं अन्य पदों के लिए वैकेंसी निकाली गई थी। इनका चयन व्यापमं के माध्यम से हो गया था। चयनित प्रतिभागियों ने ऑफिस में अपनी ज्वाइनिंग देने की बात कही लेकिन अधिकारी नहीं माने। इस बीच एक नई स्थानांतरण सूची जारी कर दी गई। महिला एवं बाल विकास मंत्री के संज्ञान में इसे नहीं लाया गया। नई महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने पूरे मामले की जानकारी ली है तथा इसे तत्काल हल करने के निर्देश दिए हैं।

### जिला अस्पतालों का किया जाएगा उन्नयन

**रायपुर, 8 जनवरी ।** स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यों ने शनिवार को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की।



एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वास्थ्य मंत्री बनने पर अभिनंदन किया और सक्रिय, विकासशील और उद्देश्यपूर्ण कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने उम्मीद जाहिर की, कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल एवं जिला अस्पतालों का इस तरह उन्नयन किया जायेगा कि आने वाले समय में मंत्री, विधायक, शासकीय अधिकारी एवं सुरक्षा से जुड़े हुए जवान अपना इलाज इन्हीं अस्पतालों में करायें। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले कुछ दिनों में वे चिकित्सा शिक्षकों के साथ विशेष बैठक पर उनकी और चिकित्सा महाविद्यालयों की समस्याओं से अवगत होना चाहेंगे ताकि तदानुसार निराकरण किया जा सके। चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द नेरल ने मानव संसाधनों की कमी, चिकित्सा उपकरण एवं रिएजेन्टस- केमिकल्स की समय पर अनउपलब्धता जैसी मूलभूत समस्याओं से माननीय मंत्री जी को अवगत कराया। इस अवसर पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष द्वय डॉ. देवप्रिय लकड़ा, डॉ. निर्मल वर्मा, सचिव डॉ. जया लालवानी, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मंजू सिंह, डॉ. ज्योति जायसवाल, डॉ. प्रतिभा जैन शाह, डॉ. हंसा बंजारा, डॉ. संतोष सोनकर, डॉ. कमलेश जैन, डॉ. उषा जोशी एवं डॉ. स्निग्धा जैन बंसल उपस्थित थे।

# बैरिकेड तोड़कर हसदेव में नागरिक प्रतिरोध मार्च

**रायपुर 8 जनवरी।** पूरे प्रदेश में वाहनों को रोके जाने तथा लोगों को हिरासत में लिए जाने के बावजूद संयुक्त किसान मोर्चा और छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन की पहलकदमी पर कल हसदेव में हजारों लोगों ने नागरिक प्रतिरोध मार्च में हिस्सा लिया और हसदेव अरण्य की कॉर्पोरेट लूट और आदिवासियों के दमन के खिलाफ अपनी आवाज उठाई। संयुक्त किसान मोर्चा ने आरोप लगाया है कि प्रतिरोध मार्च को विफल करने के लिए भाजपा राज्य सरकार द्वारा दुर्ग, बस्तर, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा और सूरजपुर से आने वाले 200 से ज्यादा वाहनों को रोका गया है और 2000 से ज्यादा नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। सरकार के इस जनविरोधी और तानाशाही रूख की इन दोनों संगठनों ने निंदा की है।



नागरिक प्रतिरोध मार्च को रोकने के लिए रायपुर-अंबिकापुर सड़क मार्ग के सभी टोल नाकों और थानों पर वाहनों को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। रायपुर में आंदोलन का नेतृत्व करने वाले प्रमुख लोगों को सुबह ही गिरफ्तार कर लिया गया था। फिर भी इस धर-पकड़ और चेकिंग को दगा देते हुए हसदेव के मुद्दों के प्रति संवेदनशील हजारों नागरिक हसदेव पहुंच गए। यहां भी उन्हें रोकने के लिए भारी बैरिकेडिंग की गई थी। पुलिस अधिकारियों से काफी बहस के बाद आक्रोशित नागरिकों ने बैरिकेडिंग तोड़कर अपना मार्च शुरू किया। प्रशासन ने हसदेव क्षेत्र के नागरिकों को भी अपने गांवों से निकलने पर प्रतिबंध लगा दिया था। मार्च में शामिल नागरिकों द्वारा हाईवे जाम किए जाने की चेतावनी दिए जाने के बाद इस प्रतिबंध को खत्म किया गया और गांवों के लोग सभास्थल पर पहुंचे।प्रशासन के इस रुख के खिलाफ रोके गए नागरिकों और आंदोलनकारियों ने दुर्ग और अंबिकापुर में भी प्रदर्शन किया और हसदेव के विनाश के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया।

पूरे प्रदेश से जुटे नागरिकों और दलितों, आदिवासियों और किसानों के बीच काम करने वाले संगठनों के नेताओं ने सभा को संबोधित किया। इनमें छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के आलोक शुक्ला, छत्तीसगढ़ किसान सभा के संजय पराते, भारतीय किसान यूनियन के प्रवीण श्योकंद, पूर्व विधायक जनकलाल ठाकुर, आदिवासी महासभा के सौरा यादव तथा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज आदि शामिल थे। आलोक शुक्ला ने पिछले दस सालों से हसदेव अरण्य को बचाने के लिए किए जा रहे संघर्षों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पिछली भाजपा सरकार द्वारा ग्राम सभा के नाम पर फर्जी प्रस्ताव पारित किए गए और इस आधार पर अडानी को कोयला खदानों का आबंटन किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने भी इस फर्जीवाड़े के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया।

# हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवर फिर आंदोलन की तैयारी में




**रायपुर 8 जनवरी।** हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवर एक बार फिर आंदोलन करने की तैयारी में जुटे हुए हैं। इसके लिए 10 जनवरी को भाठागांव बस स्टैण्ड में बैठक का आयोजन किया गया है। इस दौरान हड़ताल और आंदोलन को लेकर चर्चा होगी और साथ ही अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की भी जाएगी। छत्तीसगढ़ बस कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र शुक्ला ने रविवार को भाठागांव बस स्टैण्ड में पत्रकार वार्ता ली। उन्होंने बताया कि प्रदेश बस कर्मचारी संघ की बैठक का आयोजन किया गया, इसमें सभी जिलों के अध्यक्ष और ड्राइवर संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में हिट एंड रन का कानून वापस नहीं लेने पर हड़ताल करने पर सहमति बनी है। साथ ही वाहनों की चाबी ट्रांसपोर्टर को सौंपी जाएगी। बताया कि उनके आंदोलन से घबराकर केवल कुछ समय के लिए कानून लागू नहीं करने की साजिश रची गई है। इस दौरान छत्तीसगढ़ ड्राइवर एकता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष स्टालिन पाल, प्रदेश प्रभारी बशीरुद्दीन कुरैशी, छत्तीसगढ़ वाहन चालक संघ से प्रदेश अध्यक्ष गेंदलाल साहू, छत्तीसगढ़ ड्राइवर महागठबंधन के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सेन और प्रदेश प्रभारी संतोष देवांगन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर किया सम्मानित

■ **धीवर समाज के राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का हुआ आयोजन**

**रायपुर, 8 जनवरी।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज दुर्ग जिले के हाईस्कूल ग्राउंड धमधा में धीवर समाज द्वारा आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक श्री ईश्वर साहू और पूर्व विधायक श्री लाभचंद बाफना भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने परिचय सम्मेलन में शामिल होने आये युवक-युवतियों एवं उनके परिजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह समाज की अच्छी पहल है, जिससे एक ही मंच पर विवाह योग्य युवक-युवतियां आपस में मिल जाते है। जिससे वर-वधु ढूंढने में समय और धन की बचत होती है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार जनकल्याणकारी कार्यों को पूरा करने तथा मोदी की गारंटी एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने न्याय को जीत दिलाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में मछुवा सहकारी समितियों को प्राथमिकता दी गई थी। राज्य सरकार समाज को पुनः प्राथमिकता देगी। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने मछुआ बोर्ड को बढ़ावा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि रायपुर में समाज के भवन के लिए राशि की व्यवस्था की जाएगी तथा समाज की आवश्यकताओं को पूरा करने का भरोसा भी दिलाया। श्री शर्मा ने अपने करकमलों से समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

विधायक श्री ईश्वर साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी का अभिवादन किया। उन्होंने विधायक पद तक पहुंचाने के लिए क्षेत्र की जनता का आभार माना। छत्तीसगढ़ धीवर समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री सुरेश धीवर ने अपने सम्बोधन में समाज के रीति-रिवाजों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के विभिन्न मांगों की ओर उप मुख्यमंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किया। कार्यक्रम को पूर्व विधायक लाभचंद बाफना और समाज के संरक्षक रामकिशन धीवर, श्री राधेश्याम चन्द्रवंशी ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर समाज के अन्य पदाधिकारी और धीवर समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### टंगिया मारकर हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 8 जनवरी।** थाना पुरूर क्षेत्रांतर्गत ग्राम उसरवारा निवासी भवानी निषाद के द्वारा अपने गांव के एक व्यक्ति की एटीएम चोरी कर उससे 40000/रू निकालने की बात पूरे गांव में फैलने से बदनामी होने पर इसी बात को लेकर अपनी पत्नि के साथ वाद विवाद किया। साथ ही अपनी मां शांति बाई निषाद, पत्नि जागेश्वरी निषाद एवं अपने 02 माह के पुत्र पर लोहे के टंगिया से हमला किया। इस मामले में मां और बेटे की मौत हो गई। वारदात की रिपोर्ट पर थाना पुरूर में 06.01.2024 को अपराध क्रमांक 04/2024 धारा 302, 307 भा0द0वि0 कायम कर विवेचना में लिया गया था।

# बिजली मिस्त्री से लूट, तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 8 जनवरी।** बिजली मिस्त्री से लूटपाट करने वाले तीन लुटेरे को गिरफ्तार किया गया है। अकलेश कुमार ने थाना पण्डरी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह शिवाजी नगर दलदल शिवनी में रहता है तथा बिजली मिस्त्री का कार्य करता हैं। प्रार्थी दिनांक 03.01.2024 को रात्रि 11.15 बजे काम करके सायकल से अपने घर जा रहा था, कि रामजानकी मंदिर धान मंडी के पास पहुंचा था। इसी दौरान प्रार्थी के पीछे से दोपहिया वाहन क्रमांक सी जी 04 पीजी 0772 में सवार 03 अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी को टक्कर मारकर गिरा दिये और प्रार्थी के जेब में रखे मोबाईल फोन को लूट कर फरार हो गये। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना पण्डरी में अपराध क्रमांक 07/2024 धारा 392, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पण्डरी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटनाओं के संबंध में प्रार्थियों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थलों सहित आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों को खंगालते हुए आरोपियों द्वारा फरार होने हेतु जिन मार्गो का उपयोग किया गया था उन मार्गो में लगे सैकड़ो सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों को खंगाला गया। टीम के सदस्यों द्वारा अज्ञात आरोपियों द्वारा घटना के दौरान उपयोग किये जाने दोपहिया वाहनों के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपियों की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे थे। अज्ञात आरोपियों के संबंध में तकनीकी विश्लेषण करने के साथ ही मुखबीर भी लगाया गया। इसी दौरान अज्ञात आरोपियों के संबंध में टीम के सदस्यों को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा सिविल लाईन निवासी मोह. कैफ की पतासाजी कर पकडा गया। घटनाके संबंध में कडाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने अन्य 02 साथी मोह. गुलाम तथा एक अन्य जो विधि के साथ सघर्षरत् बालक है के साथ मिलकर लूट की उक्त घटनाओं को अंजाम देना बताया गया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26